चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 189 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

02 जनवरी 2025 गुरुवार

आज का मौसम

27 अधिकतम

10 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




## एतराजों के बीच जहरीला कचरा पहुंचा पीथमपुर, उधर रैली व कल पीथमपुर बंद का आव्हान

# सुन लें...25 साल बाद खत्म हो जाता है जहर सीएम ने ऐतराज जताने वालों को दी नसीहत



**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

राजधानी भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर का 337 जहरीला कचरा अलसुबह पीथमपुर की रामकी कंपनी में पहुंच गया है लेकिन इसे लेकर विरोध,चिंता व नाराजगी जारी है। कल पीथमपुर बंद का आव्हान भी है। हालांकि आज से ही इस कचरे को जलाने (नष्ट)की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। विरोध के चलते यहां कड़ी सुरक्षा इंतजाम हैं। इस बीच आज सुबह भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव इस मुद्दे पर सामने आए और साफ कहा कि तथाकथित आशंका जताने वाले लोग सही नहीं हैं क्योंकि वैज्ञापिकों का भी निष्कर्ष है कि इस कचरे का 'जहर' 25 साल में समाप्त हो जाता है,जबकि हम तो 40 साल से भोपाल में इस कचरे के साथ रहे हैं। यादव ने इस कचरे को लेकर यूका गैस त्रासदी के समय और बाद में रही कांग्रेस सरकारों पर भी निशाना साधा। उल्लेखनीय है कि इस मामले में इंदौर के कई जनप्रतिनिधि और भाजपा से जुडे नेता भी विरोध कर रहे थे। महापौर ने भी इस पर पुनर्विचार की जरूरत बताई थी। इस बीच आज वैज्ञानिकों की मौजूदगी में पहले परीक्षण के तौर पर पहले 90 किलोग्राम, 180 किलोग्राम और फिर 270 किलोग्राम कचरे को भस्मक में जलाकर देखा जाएगा। इस दौरान जो मात्रा उचित निष्पादन के लिए मान्य होगी, उसीके तहत आगे बढा जाएगा। इस प्रक्रिया में करीब तीन दिन का समय लगेगा।

### पहले भी हो चुका है परीक्षण

पीथमपुर स्थित भस्मक में 13 अगस्त 2015 को भी यूनियन कार्बाइड से 10 टन जहरीले कचरा निस्पादन के लिए भेजा गया था। तब परीक्षण के तौर पर तीन दिन में जलाया गया था। उस ट्रायल रन के दौरान भस्मक में हर घंटे 90 किलो कचरा जलाया गया था। इसी ट्रायल रन रिपोर्ट के आधार पर उच्च न्यायालय ने जहरीले कचरे का निपटान पीथमपुर में करने के निर्देश दिए हैं। इधर पीथमपुर में कचरा जलाने का लगातार विरोध हो रहा है, शहर में इसके विरोध में रैली भी निकाली जा रही है और कल शुक्रवार को शहर बंद रखने की अपील की गई है।

### भाजपा के भीतर भी घमासान

मध्य प्रदेश में भाजपा जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर घमासान छिड़ चुका है। जिन जिलों के अध्यक्ष रिपीट होने की संभावना है, वहां सबसे ज्यादा गहमागहमी है और विरोध भी है। ऐसे जिलों के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता प्रदेश नेतृत्व के पास जिलाध्यक्षों की शिकायतें लेकर पहुंचने लगे हैं। दरअसल प्रदेश भर में हुई रायशुमारी के बाद बनाए गए पैनल पर आज गुरुवार प्रदेश भाजपा कार्यालय में जिलेवार वन-टू-वन चर्चा का दौर है। बीजेपी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा जिला निर्वाचन अधिकारियों से पैनल पर चर्चा कर रहे हैं।

## 5 हत्या के आरोपी ने पूछा-सोशल मीडिया पर क्या रिएक्शन !

**लखनऊ.एजेंसी**

कल रात अपनी मां और चार बहनों की हत्या करने वाले अरशद का मंशा सोशल मीडिया पर फेमस होने की थी। पुलिस ने अरशद से करीब चार घंटे तक पूछताछ की इस दौरान उसने पुलिस से अपने वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर मिली प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी मांगी। अरशद ने पुलिस से पूछा कि उसके वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर क्या-क्या रिएक्शन आए। दरअसल अरशद ने अपने वीडियो में कहा था कि वह सपरिवार धर्म परिवर्तन करना चाहता था, लेकिन बस्ती वालों ने इसका विरोध किया था। लखनऊ के नाका स्थित शरणजीत होटल में अपनी मां और चार बहनों की हत्या के आरोपी अरशद ने एक वीडियो बनाया था। जिसमें उसने बस्ती वालों पर घर कब्जाने और परिवार को परेशान करने का आरोप लगाया था।

## शेयर बाजार में हरियाली का नजारा



**मुंबई.एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार के लिए नये साल की शुरुआत शानदार मानी जार ही है। कल पहले दिन 1 जनवरी को सेंसेक्स-निफ्टी तेजी के साथ हरे निशान पर क्लोज हुए, तो आज गुरुवार को भी ये रफ्तार जारी रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 368 अंक उछलकर क्लोज हुआ था, जबकि आज ये 350 अंक की बढ़त लेकर कारोबार कर रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी गुलजार है। बाजार में इस तेजी के बीच कई शेयर छलांग लगाते नजर आए।

## जश्न मना रहे लोगों पर ट्रक चढ़ाया, 15 मौतें



**आर्लियंर्स.एजेंसी**

अमेरिका के लुइसियाना राज्य के न्यू ऑर्लियंस शहर में एक सिरफिरे ने नए साल का जश्न मना रहे लोगों पर पिकअप ट्रक चढ़ा दिया। इसमें 15 की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए। तब वक्त न्यू ऑर्लियंस में रात के 3 बजकर 15 मिनट हो रहे थे। शहर की सबसे व्यस्तम बॉर्बन स्ट्रीट पर हजारों लोग जश्न मना रहे थे। अचानक एक गाड़ी भीड़ को रौंदते हुए आगे बड़ी। इसके बाद हमलावर पिकअप ट्रक से बाहर आया और लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें हमलावर की मौत हो गई। मुठभेड़ में दो पुलिस वाले भी घायल हो गए।

## मप्र के 14 शहरों में शीतलहर, कड़ाके की ठंड तीन दिन और

**भोपाल/नईदिल्ली, दोपहर मेट्रो।**

मप्र समेत देश के 18 राज्यों में आज व कल कडी शीतलहर व कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। मप्र के ही कई शहरों में रात का टेम्परेचर 7 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। मप्र में भोपाल, जबलपुर-ग्वालियर समेत 14 जिलों में आज शीतलहर का अलर्ट है। इससे पहले प्रदेश के 37 जिलों में सुबह मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। भोपाल, उज्जैन, शाजापुर में इतना घना कोहरा था कि विजिबिलिटी 50 मीटर ही रह गई थी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 3 दिन कड़ाके की ठंड पड़ेगी। हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में आज बर्फबारी की संभावना है। लाहौल-स्पीति का ताबो गांव सबसे ठंडा रहा था, तापमान -16.7 डिग्री रहा। कश्मीर घाटी में भी दोपहर से तेज बर्फबारी शुरू होगी। हरियाणा, पंजाब में कड़ाके की ठंड जारी है। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी, उत्तर-पश्चिम और पश्चिम-मध्य भारत को छोड़कर बचे क्षेत्र में मिनिमम टेम्प्रेचर सामान्य से ज्यादा रहेगा।

## शिवराज की चिट्ठी पर बोलीं आतिशी यह अहिंसा पर दाऊद के प्रवचन जैसा

### किसानों का मामला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की स्थिति को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को चिट्ठी लिखी तो इसका जवाब देते हुए आतिशी ने कहा है कि बीजेपी का किसानों के बारे में बात करना वैसे ही है, जैसे दाऊद अहिंसा पर प्रवचन दे रहा हो। आतिशी ने कहा कि जितना बुरा हाल किसानों का बीजेपी के समय हुआ, उतना कभी नहीं हुआ। पंजाब में किसान आमरण अनशन पर बैठे हैं, मोदीजी से कहिए उनसे बात करें। किसानों के साथ राजनीति करना बंद करें क्योंकि बीजेपी के राज में किसानों पर गोलियां और लाठियां चलाई गई थीं। दरअसल, चौहान ने आतिशी को पत्र में कहा था कि आपने दिल्ली में किसानों के हित में कभी उचित निर्णय नहीं लिए। केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को भी आप की सरकार द्वारा दिल्ली में लागू करने से रोका गया है, आपकी सरकार में किसानों के लिए कोई संवेदना नहीं है। शिवराज ने लिखा था कि आपको पहले भी पत्र लिखकर दिल्ली के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था लेकिन ये चिंता का विषय है कि आपकी सरकार ने इन समस्याओं का कोई निराकरण नहीं किया है।





## आरटीआई: लोकसेवकों के वेतन की जानकारी देना अनिवार्य

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लोकसेवकों के वेतन की जानकारी देना अनिवार्य है। गोपनीयता के तर्क पर इसकी सूचना देने से इन्कार नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने लोकसेवकों के वेतन की सूचना देने से इन्कार करने के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई में कहा कि लोकसेवकों के वेतन की जानकारी सार्वजनिक महत्व की है, जिसे गोपनीय नहीं माना जा सकता। हालांकि् सूचना आयोग और लोक सूचना अधिकारी ने भी इस सूचना को गोपनीय माना था। पीठ ने इन दोनों के पूर्व में जारी आदेश को भी निरस्त कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ता को एक माह में सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दरअसल, याचिकाकर्ता ने छिंदवाड़ा वन परिक्षेत्र में कार्यरत दो कर्मचारियों के वेतन भुगतान के संबंध में जानकारी मांगी थी। लोक सूचना अधिकारी ने जानकारी को निजी और तृतीय पक्ष की जानकारी बताते हुए इसे उपलब्ध कराने से इन्कार कर दिया था।

## नया सैटेलाइट: अंतरिक्ष से मोबाइल कॉल हो सकेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अब जल्द ही अंतरिक्ष से सीधे मोबाइल कॉल की जा सकेगी। इसमें भारत की स्पेस एजेंसी इसरो की अहम भूमिका होगी। इसरो इस साल फरवरी-मार्च में एक अमेरिकी कम्युनिकेशन सैटेलाइट लॉन्च करेगा, जिसकी मदद से किसी भी स्मार्टफोन के जरिए अंतरिक्ष से सीधे कॉल की जा सकेगी। बताया जाता है कि यह पूरी तरह से कॉमर्शियल लॉन्चिंग है। इसे इसरो की कॉमर्शियल विंग न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड अंजाम देगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभी अंतरिक्ष से इंटरनेट और वॉयस कॉल के लिए स्पेशल हैंडसेट रखने या स्पेशल टर्मिनल रखने होते हैं।टेक्सास की कंपनी एकएसटी स्पेसमोबाइल के लिए सैटेलाइट लॉन्च करने जा रही है। यह पहली बार है, जब कोई अमेरिकी कंपनी भारत से एक विशाल कम्युनिकेशन सैटेलाइट लॉन्च करा रही है। भारत ने अब तक अमेरिकी कंपनियों के छोटे सैटेलाइट्स ही लॉन्च किए हैं।




**मेट्रो एंकर** टीम इंडिया में तनाव व तनातनी, कोच की सफाई के बाद सस्पेंस गहरया

# ड्रेसिंग रूम की गंभीर बहस बाहर आई!

**सिडनी, एजेंसी**


टीम इंडिया का आस्ट्रेलिया में कमजोर प्रदर्शन टीम के भीतर उथलपुथल के संकेत भी देने लगा है। रिपोर्टस के मुताबिक भारतीय टीम के खिलाडियों के साथ कोच की बहस भी हुई है। दरअसल कोहली करारी हार से बहुत भडके हैं। बताते हैं कि उन्होंने ड्रेसिंग रूम में कहा कि उन्होंने 6 महीने दिए और सभी ने अपना नेचुरल गेम खेलने के नाम पर टीम के साथ अन्याय किया। अब यह नहीं चलेगा। अब जो वह तय करेंगे। जो टीम का प्लान होगा उसके अनुसार खेलना होगा, वर्ना 'धन्यवाद' बोल दिया जाएगा। यहां माना जा रहा था कि उनका इशारा सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और ऋषभ पंत की ओर है। वहीं कल से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट से ठीक पहले भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने कुछ ऐसी बातें कहीं है जिससे लगने भी लगा है कि टीम के अंदर माहौल सही नहीं है। गंभीर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम की 'बहस' सार्वजनिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने खिलाड़ियों से 'ईमानदारी' से बातचीत की क्योंकि प्रदर्शन ही उन्हें टीम में रख सकता है। ड्रेसिंग रूम में तनाव की रिपोर्ट के बीच गंभीर ने कहा कि वे सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच नहीं। जब तक ड्रेसिंग रूम में ईमानदार लोग हैं, भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। केवल एक चीज जो आपको वहां बनाए रखती है वह है प्रदर्शन।



यह एक टीम गेम है और आप सभी इसे स्वीकार करते है। ये सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच्चाई नहीं मुझे किसी रिपोर्ट पर टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी महत्वपूर्ण है, हम आगे बढ़ना चाहते हैं और कुछ अच्छी चीजें हासिल करना चाहते हैं। गंभीर ने यह भी कहा कि उन्होंने सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा से टेस्ट मैच जीतने की रणनीति के अलावा कोई बात नहीं की उन्होंने कहा ,'हर खिलाड़ी को पता है कि उसे कहां सुधार करना है। हमने उनसे एक ही बात की है कि टेस्ट मैच कैसे जीतने हैं। वहीं कतिपय रिपोर्ट यह भी कह रही हैं कि कोच व कुछ वरिष्ठ खिलाडियों के बीच ट्यूनिंग सही नहीं है और खिलाड़ियों के क्रम बदलने से भी परेशानी पैदा हो गई हैं।

### ...तो रोहित होंगे बाहर?

गौतम गंभीर से ये भी सवाल पूछा गया कि क्या रोहित शर्मा कल खेलेंगे? गंभीर ने इस पर कहा, कल पिच देखने के बाद हम टॉस के समय प्लेइंग इलेवन का फैसला करेंगे। रोहित के प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं होने पर गंभीर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह कोई ट्रेडिशनल बात है। मुझे लगता है कि हेड कोच का यहां होना ठीक है। इस बीच सिडनी टेस्ट में तेज गेंदबाज आकाशदीप पीठ में तकलीफ के चलते बाहर हो गए हैं। गंभीर ने कहा, वह पीठ की समस्या के कारण बाहर हैं गंभीर ने कहा कि अंतिम एकादश का फैसला पिच को देखने के बाद किया जाएगा। आकाशदीप ने दो टेस्ट मैचों में कुल 87.5 ओवर फेंके और उनकी परेशानी ज्यादा वर्कलोड का नतीजा हो सकती है। आकाश ने ब्रिस्बेन और मेलबर्न में दो टेस्ट खेलकर पांच विकेट निकाले हैं।







## यूका फैक्ट्री से 337 मीट्रिक टन कचरा पीथमपुर भेजा गया

# आखिरकार 40 साल बाद जहरीले कचरे से आजाद हुआ एक इलाका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** आखिरकार 40 साल बाद यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा हट गया। भोपाल से बीती देर रात कचरे से भरे 12 कंटेनर का कारवां हाई सिक्योरिटी के बीच पीथमपुर के लिए रवाना हो गया और सुबह वहां पहुंच भी गया। बताया जाता है कि कंटेनर आष्टा टोल पर पहुंचे तो 3 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

दरअसल यह 250 किमी का सफर 8 घंटे में तय कर सुबह 5 बजे सभी कंटेनर पीथमपुर के आशापुरा गांव स्थित रामकी एनवायरो फैक्ट्री पहुंचे। यहां इस कचरे को जलाया जाएगा। इस कचरे को भेजने के लिये भोपल से पीथमपुर तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। कंटेनर निकालने के लिए आगे-पीछे 2 किमी तक ट्रैफिक रोका गया। हालांकि कचरे के ट्रकों का सफर कोहरे की चलते सफर थोड़ा मुश्किल रहा। कंटेनर्स के आगे पुलिस की 5 गाड़ियां थीं। 100 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। आष्टा के अलावा भी कुछ जगह जाम के हालात बने।

### 10 साल की कानूनी लड़ाई

दरअसर यह कचरा दस साल चली कानूनी लड़ाई के बाद भोपाल से ये हटाया जा सका है। इससे यूनियन कार्बाइड परिसर के 3 किलोमीटर दायरे की 42 बस्तियों का भूजल प्रदूषित हो चुका है। कचरे की शिफ्टिंग की प्रोसेस रविवार दोपहर से शुरू हुई थी। 4 दिन बैग्स में 337 मीट्रिक टन कचरा पैक किया गया। मंगलवार रात से इसे कंटेनर्स में लोड करना शुरू किया। बुधवार दोपहर तक प्रोसेस पूरी कर ली गई और रात में इसे पीथमपुर रवाना किया गया। दरअसल, हाईकोर्ट ने 6 जनवरी तक इस जहरीले कचरे को हटाने के निर्देश दिए थे। 3 जनवरी यानी शुक्रवार को सरकार को हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश करना है।

## निगम ने पकडी गड़बड़ी

# स्पॉट फाइन ठोकते रहे और पैसा ननि खाते की बजाए जेब में डाला!

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

नगर निगम में सफाई दरोगा द्वारा स्पॉट फाइन की राशि खाते में नहीं जमा कराने का मामला सामने आया है। निगम अफसर इंतजार कर रहे हैं यदि पैसा नहीं जमा हुआ तो एफआईआर कराने की तैयारी है। बताया जाता है कि समीक्षा बैठक के दौरान बैंक में जमा पैसों का मिलान कराने पर पता चला कि कई वार्डों में छोटी-छोटी राशि जमा नहीं हुई है। लेकिन, वार्ड 35 के दरोगा मनोज करोसिया की स्पॉट फाइन की राशि मिलाई गई तो करीब डे? लाख रुपए कम पाए गए। मनोज पहले वार्ड 44 में पदस्थ थे। वह लंबे समय से स्पॉट फाइन तो वसूल रहे थे, लेकिन फाइन का पैसा नहीं जमा करते थे। इस समीक्षा बैठक में निगम कमिश्नर भी मौजूद थे। उन्होंने तुरंत पुलिस को फोन किया, जिसके थोड़ी ही देर में जहांगीराबाद पुलिस वहां पहुंच गई। हालांकि, इस बीच दरोगा ने पैसा जमा कराने के लिए दो दिन की मोहलत मांगी। इस पर पुलिस में एफआईआर नहीं की गई। बताते हैं जब स्पाट फाइन की जमा राशि और खाते के मिलान की कार्रवाई चल रही थी तब वार्ड 44 और वार्ड 35 के पुराने रिकॉर्ड में सामने आया कि करीब डेढ़ लाख रुपए गायब थे। उधर, जहांगीराबाद थाना प्रभारी आशुतोष उपाध्याय का कहना है कि हमें बुलाया गया था लेकिन शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई करेंगे।

### चालान बने, पैसा नहीं गया

दरअसल, निगम के दरोगा पीओएस मशीन से चालान जमा करते हैं। यह राशि मशीन से सीधे खाते में जमा होनी चाहिए, लेकिन यहां चालान तो बनाए गए, लेकिन रकम खाते में जमा नहीं हुई इधर, कमिश्नर के तेवर हडकंप है हालांकि, कमिश्नर ने जोन 7 के एएचओ को भी सस्पेंड करने की चेतावनी दी है।



फाइल फोटो

## नए साल के पहले दिन प्रदेश में सबसे ज्यादा हादसे भोपाल में

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

### एंबुलेंस 108 ने जारी किए आंकड़े, डेढ़ सौ लोग आए दुर्घटना की चपेट में



नए साल के जश्न के बीच कई लोगों की जिंदगी अचानक बदल गई। राजधानी में इस दौरान बड़ी संख्या में हादसे हुए। एंबुलेंस 108 के आंकड़ों के अनुसार लगभग डेढ़ सौ लोग हादसों की चपेट में आए, जिनमें से 38 को एंबुलेंस ने अस्पताल पहुंचाया। यह आंकड़ा इंदौर के बाद प्रदेश में सबसे ज्यादा हादसों की संख्या को दर्शाता है जो भोपाल में हुए। आंकड़ें बताते हैं कि शहर में 31 दिसंबर 2024 से एक जनवरी 2025 के बीच कुल 38 हादसों में से 30 में लोग सड़क हादसे का शिकार हुए थे। इसके बाद सात मामलों में लड़ाई झगड़े के चलते लोग घायल हुए। वहीं एक मामले में आग से झुलसे मरीज को हमीदिया पहुंचाया गया।

**सीट बेल्ट लगाया न ही हेलमेट:** एंबुलेंस 108 के सीनियर मैनेजर तरुण सिंह परिहार के अनुसार हादसों में घायल लोगों में लापरवाही प्रमुख रूप से सामने आई है। स्टाफ ने बताया कि 95 फीसदी मामले ऐसे थे, जिनमें बाइक चालक हेलमेट नहीं पहने थे, वहीं कार चालक ने सीट बेल्ट नहीं लगाया था। इसके अलावा करीब 55 फीसदी नशे में भी थे।

## मेट्रो की बाधा हटेगी

### इरानी डेरे पर तीन को कार्रवाई की तैयारी, खुद हटने पर चर्चा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मेट्रो ट्रेन की भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर छह की ओर इरानी डेरे की बाधा तीन जनवरी को हटाने पर सहमति बन रही है। यहां 31 दुकान- मकान चिन्हित है, जिनमें कोशिश हो रही है कि लोग खुद ही इन्हें खाली कर दें। बुधवार को इसे लेकर प्रशासन, मेट्रो कारपोरेशन के अफसरों ने संबंधितों से चर्चा की। चर्चा का सिलसिला गुरुवार को भी चलेगा। सरकारी जमीन पर काबिज इन दुकानदारों व मकान वालों को तय मुआवजा दे दिया गया है। कुछ मकान खाली करने पर सहमत हुए हैं। प्रशासन की ओर से तीन जनवरी तय की जा रही है। सबकुछ ठीक रहा तो यहां फिर से कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र खाली करवा दिया जाएगा। गौरतलब है कि 30 दिसंबर को यहां से 29 दुकानें हटाई गई थी।

## ठिठुरन भरी रही साल की दूसरी सुबह भी



भोपाल, दोपहर मेट्रो। नए साल की पहली सुबह घने कोहरे और कंपकंपाती ठंड के साथ हो रही है। प्रदेश में कोहरे का असर दिखा। जिससे विजिबिलिटी एक घंटे के भीतर 1000 मीटर से घटकर मात्र 100 मीटर रह गई। जिससे वाहन चालकों को लाइट जलाकर रेंगना पड़ा।

**मेट्रो एंकर**

### 11 साल से हर साल पहले दिन निकलते हैं सांई बाबा नगर भ्रमण के लिए

# नए साल का स्वागत किया भजन कीर्तन करते हुए पालकी निकली

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**



संतनगर में नए वर्ष का स्वागत में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भगवान की पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन हुए। साल के पहले दिन सांई बाबा की पालकी की परंपरा भी पूरी की गई। श्री झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट के झूलेलाल मंदिर, एच वार्ड में झूलेलालजी की पूजा अर्चना, भजन कीर्तन हुए। सिंधी समाज ने नूतन वर्ष के अभिनंदन कर सभी की खुशहाली की कामना की। प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। ट्रस्ट के दिनेश वाधवानी ने सभी को नए वर्ष की बधाई दी। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, वासुदेव वाधवानी, मंगाराम, पुरूषोतम हरचंदानी, अशोक मारण, माधवदास पारदासानी, नारायणदास लालवानी, राज मनवानी, सुरेश जसवानी, अर्जुनदास लालवानी शाामिल हुए। इसके अलावा भजन गायक कमल खत्री, भगवानदास आहूजा, हीरो फैंस क्लब, भोले भाले का दरबार के अध्यक्ष हीरो हिन्दू, नानक दादलानी, प्रभुदास मूलचंदानी, अशोक तनवानी, मधु घनश्यानी, प्रवीण होतवानी, रवि लालवानी ललित सबनानी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सांई बाबा निकले नगर भ्रमण पर

सांई सेवा समिति ने नए साल के पहले दिन बुधवार यानी एक जनवरी को संतनगर में साई बाबा की पालकी निकाली। 11 साल पहले साल के पहले दिन सांई बाबा की पालकी की शुरूआत हुई थी। पालकी की शुरूअता माता मंदिर सीहोर नाका से साईं बाबा पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण को निकले। पालकी के आगे विशिष्ठजन एवं साईं के भक्त भजनों पर नाचते हुए चल रहे थे। संत कंवरराम चौराहा, आरा मशीन रोड से होती हुई पालकी माता मंदिर पहुंची, जहां प्रसादी वितरण किया गया। पालकी में कृष्णा सिंह, शंकर मालवानी, महेश चन्द्र त्रिपाठीपार्षद अशोक मारण, भाजपा उपाध्यक्ष राम बसंल, भाजपा नेता विकास मारण हीरो इसरानी व बड़ी संख्या में साईं भक्त शामिल हुए।



# धान खराब होने की कगार पर रिपोर्ट में सब ठीक बता रहे अफसर

## मुख्यमंत्री बार–बार कहते रहे कि समय पर उठाव हो, लेकिन हाल ही में हुई बारिश में भींग गई थी करोड़ों की धान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में हाल के दिनों में भींगी करोड़ों की धान पर अफसर रिपोर्ट देने में आनाकानी कर रहे हैं। नर्मदापुरम समेत कुछ जिलों से तो अफसरों ने धान के नहीं भींगने की रिपोर्ट भेज दी है। जबकि कई जिलों में धान खराब होने की कगार पर है। इसका नुकसान सरकार के ही सिर पर आना है। वहीं अधिकारी वास्तविक रिपोर्ट भेजने से बच रहे हैं, ताकि वे कार्रवाई से बच सकें।

उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार, शनिवार को पानी फिर गया। हजारों करोड़ रुपये की खरीदी गई धान भींग गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि केंद्रों पर खरीदी गई धान का समय पर उठाव नहीं हुआ। यह बाहर खुले आसमान के नीचे रखी रही। तब खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने सफाई दी थी कि गोदामों में बनाए खरीदी केंद्रों के बाहर 1.41 लाख, समिति स्तर पर बनाए केंद्रों के बाहर 6.41 लाख और वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन व एफसीआई के गोदामों के बाहर 1.70 लाख मीट्रिक टन धान रखा था जिसके लिए तिरपाल व पन्नी आदि की व्यवस्था की गई थी, उसे भींगने नहीं दिया गया। जबकि जबलपुर में वास्तविकता यह थी कि करोड़ों की धान भींग गई, मोटर पंप से पानी बाहर निकालना पड़ा।




### गेहूं भी भींगा हुआ था, खराब हो गया, लेकिन सबक नहीं लिया

पिछले बार सरकारी दाम पर खरीदा गया गेहूं भी लापरवाही के चलते भींग गया था, जिसे बाद में सूखाना पड़ा था। हजारों मीट्रिक टन गेहूं तो तब भी खराब हो गया था, जिसे शराब कारोबारियों को बेचने की नौबत पड़ गई थी। करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। इस स्थिति से गुजरने के बावजूद सरकार ध्यान नहीं दे पाई। धान खरीदी शुरू हुई तब से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को सचेत किया था कि खरीदी के साथ-साथ परिवहन पर भी जोर दिया जाए लेकिन अफसरों ने ध्यान नहीं दिया।



# अब ई-ऑफिस में तब्दील मंत्रालय!

## सीएम ने पहला चरण शुरू किया, दूसरे और तीसरे चरण में जिला स्तर तक यह सिस्टम

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार ने मंत्रालयीन कामकाज में ई-ऑफिस क्रियान्वयन प्रणाली की शुरूआत हो गई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इसकी शुरूआत करते हुए कहा कि कई जन हितैषी कार्यक्रमों, गरीब, महिला, किसान और युवा वर्ग के कल्याण को फोकस करते हुए मध्यप्रदेश सरकार डिजिटिलाइजेशन के जरिए आगे बढ़ना चाहती है। मुख्यमंत्री कार्यालय सहित मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भी मुख्य सचिव कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली से काम शुरू कर दिया है। सीएम ने कहा, ई-ऑफिस से आम जनता को राहत मिलेगी। सभी विभागों द्वारा ई-ऑफिस सिस्टम से काम किया जाए। इसके लिए विभाग प्रक्रिया पूरी करेंगे।

बताया जाता है कि ई-ऑफिस सिस्टम तीन चरणों में पूरे प्रदेश में लागू होगा। पहला चरण में 1 जनवरी से यह मंत्रालय में पूरी तरह लागू किया गया है। अब मंत्रालय में सभी फाइलों का मूवमेंट सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक मोड (ई-फाइल) में हो सकेगा और पूरी कार्यवाही पेपरलेस हो जाएगी। दूसरे चरण में सभी विभाग प्रमुखों के कार्यालय और तीसरे चरण में सभी जिला स्तर के कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली में लाया जाएगा। दूसरे और तीसरे चरण की तारीखें अभी तय नहीं हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में मंत्रालय में हाईब्रिड मोड में काम किया जा रहा है, यानी कुछ काम ई-फाइल के जरिए हो रहे हैं, जबकि कुछ काम पी-फाइल (पेपर फाइल) के जरिए ही हो रहे हैं। बताया जाता है कि सभी फाइल को भी 1 जनवरी से ई-फाइल में तब्दील कर दिया गया है।

### क्या है ई- ऑफिस प्रणाली

ई-ऑफिस दरअसल ऑनलाइन प्रणाली है। इसमें अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक कम्प्यूटर पर बैठकर अपनी फाइलें निपटाएंगे। इससे यह पता चल जाएगा कि कौन सी फाइल किस के पास लंबित है। पुरानी नस्तियों को भी इसमें ढूंढा जा सकेगा। इससे शासकीय कार्य तेजी से संपादित हो सकेंगे। उच्च स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की भी व्यवस्था रहेगी।

## आज से राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता होगी

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह 2 जनवरी को 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ समारोह गुरुवार को दोपहर एक बजे भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी नगर में होगा। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हॉकी अंडर-14 बालक और शूटिंग अंडर-14-19 बालक-बालिका वर्ग की होंगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 7 जनवरी, 2025 तक चलेगी। राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन लोक शिक्षण, स्कूल शिक्षा विभाग कर रहा है।

## सीहोर पुलिस अधीक्षक को आयोग ने दिया जमानती वारंट

### 2023 के एक मामले में जवाब न देने के कारण हुई कार्यवाही

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने वर्ष 2023 के एक मामले में अब तक जवाब न देने के कारण सीहोर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी को पांच हजार रूपए का जमानती वारंट जारी किया है। इसके साथ ही 29 जनवरी को आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश भी दिए गए है। यह कार्यवाही आयोग ने प्रकरण में बार-बार सूचना देने के बाद भी पुलिस अधीक्षक द्वारा जवाब नहीं मिलने और उपस्थित नहीं होने के कारण की है।

## चौकियों पर वसूली जारी, सरकार और मंत्री मौन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



मप्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने परिवहन विभाग पर निशाना साधते हुये कहा है कि मध्यप्रदेश की सीमा पर चल रहे भ्रष्टाचार में सरकार की भूमिका अब स्पष्ट हो चुकी है। प्रदेश में चेक पोस्ट तो बंद हैं, लेकिन अवैध वसूली पोस्ट जरूर चालू हैं। पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार, मंत्री उदय प्रताप के परिवहन विभाग से पिछले दो सप्ताह में करोड़ों रूपयों के भ्रष्टाचार, घपलों-घोटालों और गड़बडियों का खुलासा हुआ हैं। कभी 100 करोड़ रूपयों की लाल डायरी तो कभी अवैध वसूली के कारनामें उजागर हो रहे हैं। चेक पोस्ट बंद होने के बावजूद भी सरकार और भ्रष्ट नौकरशाही की मिलीभगत से चार पहिया, आठ पहिया वाहनों सहित बड़े वाहनों के वसूली पोस्ट से गुजरने के दौरान अवैध वसूली की जा रही है। परिवहन विभाग में ट्रकों एवं अन्य वाहनों से अवैध वसूली के लिए ऊपर से दबाव बनाया जाता है। इसकी हकीकत सामने आना चाहिए पटवारी ने कहा कि प्रदेश की जनता का पैसा खुलेआम लूटा जा रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है।

## कॉलेजों से मंगाई कम्प्यूटर्स, स्मार्ट क्लास और इंटरनेट की जानकारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** उच्च शिक्षा विभाग प्रदेश के कॉलेजों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लगातार व्यवस्थाओं में इजाफा कर रहा है। अब विभाग ने प्रदेशभर के सभी सरकारी कॉलेजों में नए कम्प्यूटर की आवश्यकता को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि कॉलेजों में छात्र संख्या और आधारभूत संरचना के आधार पर नए कंप्यूटर, स्मार्ट क्लास और इंटरनेट की आवश्यकता संबंधी जानकारी संलग्न गूगल फार्म में भरकर मांग पत्र को गूगल फॉर्म के साथ अपलोड किया जाए। इससे कॉलेजों में आवश्यकता के अनुसार नए कम्प्यूटर, स्मार्ट क्लास और इंटर की आवश्यकता की पूर्ति की दिशा में आगे कार्य किया जाएगा।

## दैनिक वेतन भोगियों के वेतनवृद्धि का आदेश शीघ्र

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड के सदस्य हरिओम सूर्यवंशी ने मप्र कर्मचारी मंच को आश्वासन दिया है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के नवीन वेतन वृद्धि के आदेश शीघ्र जारी होंगे कोर्ट ने एरियर सहित वेतन देने का उल्लेख अपने आदेश में नहीं किया है इसलिए सरकारी वकील द्वारा कोर्ट से सलाह ली जा रही है। कर्मचारी मंच प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि नवीन वेतन वृद्धि के संबंध में कोर्ट अपना आदेश 25 दिन पूर्व स्थगित कर चुकी है लेकिन मध्य प्रदेश के श्रम आयुक्त द्वारा नवीन वेतन वृद्धि के आदेश जारी नहीं करे गये है जिस कारण लाखों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों में निराशा का वातावरण निर्मित हो गया है प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नवीन वेतन वृद्धि के आदेश जारी होने के बाद हजारों रुपए की वेतन विधि के आदेश होंगे साथ ही 9 मा का एरियर भी भुगतान किया जाएगा।मंच ने इस मांग को लेकर सूर्यवंशी से मुलाकात की थी।

### वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला के ऑटोमेशन का भी होगा शुभारंभ

# कल से 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

स्कूली छात्रों के लिए 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 3 से 06 जनवरी को राजधानी स्थित रविन्द्र भवन में किया जाएगा। इसमें पूरे देश के समस्त प्रदेशों से 700 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षकों के साथ ही गल्फ कॉपरेटिव कांउसिल के देश (बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान, कतर एवं सउदी अरब) के विद्यार्थी भी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्र, विभिन्न विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित होगी।





उक्त कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों एवं छात्रों के मध्य प्रतिदिन फेस टू फेस संवाद भी आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार एवं प्रदेश के माननीय मंत्री भी शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे।

**थीम 'स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना':** म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन) राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद् (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार) संयुक्त रूप से यह आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रवर्तित है एवं आयोजन की थीम 'स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना' है।

### 1993 में हुई थी राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की शुरुआत

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस एक राष्ट्रीय विज्ञान संचार कार्यक्रम है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1993 में हुई थी। यह भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद का एक कार्यक्रम है। यह 10–17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए एक मंच है, जो औपचारिक स्कूल प्रणाली और बाहर के बच्चों को अपनी रचनात्मकता और नवाचार प्रदर्शित करने और विशेष रूप से वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग करके स्थानीय स्तर पर अनुभव की गई सामाजिक समस्या को हल करने की उनकी क्षमता को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है। 2 बच्चों का एक समूह बनाया जाता है। यह समूह एक मार्गदर्शक शिक्षक के निर्देशन में मुख्य विषय के तहत एक स्थानीय विशिष्ट समस्या का चयन करता है और उस समस्या का समाधान ढूंढता है। यह कार्यक्रम वैज्ञानिक अध्ययन की भावना और समस्याओं का वैज्ञानिक विश्लेषण करने की आदत विकसित करता है।



## संपादकीय

# नया साल उम्मीदों का

अब जबकि हम सभी वर्ष 2024 को अलविदा कह चुके हैं और शुरू हो चुके नये वर्ष 2025 की ओर देखकर बहुत सारी उम्मीदें बांध रहे हैं तो हम इस बात पर राहत और सुकून महसूस कर सकते हैं कि आगे की राह चुनौतियों से खाली भले न हो, पर हमारी उम्मीद और विश्वास के साथ ही बेहतर कर्म के दीप उसे रोशन कर रहे हैं। जहां तक देश के राजनीतिक व आर्थिक परिदृश्य की बात है तो यह कहना होगा कि, त वर्ष हुए लोकसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद राजनीतिक अस्थिरता की जो आशंका बनी थी, वह बीते साल के आखिरी वक्त तक खत्म हो गई। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जाहिर कर दिया कि भाजपा का दबदबा अभी बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता भी बनी हुई है और इस बीच पार्टी ने कहा कि वह पीएम के तौर पर अपना तीसरा कार्यकाल भी पूरा करेंगे। किसी भी देश में तरक्की के लिये राजनीतिक स्थिरता जरूरी होती है,लेकिन राजनीतिक दल की संवेदनशीलता भी उतनी ही जरूरी होती है। अब जहां तक देश के आर्थिक विकास की रफ्तार का सवाल है तो यह सही है कि हाल में इसमें थोड़ी कमी आई है। साल 2024-25 की दूसरी तिमाही में यह 5.4 फीसदी पर आ गई जो पिछली सात तिमाहियों का सबसे निचला स्तर है। लेकिन गौरतलब बात है कि यह चुनावी साल था। लिहाजा सरकारी खर्च में कमी एक बड़ा फैक्टर रही। जानकार मानते हैं कि तीसरी और चौथी तिमाहियों में यह रफ्तार तेज होगी। वैसे भी रिजर्व बैंक का अनुमान है कि 24-25 में देश की सालाना बढ़ोतरी दर 6.6 फीसदी रहेगी, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। खास बात यह कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक 2025 में भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकॉनमी बन सकता है। विकास के बावजूद कई मोर्चों पर देश में चुनौतियां भी हैं। जॉबलेस ग्रोथ का आरोप भले पूरी तरह सच न हो, लेकिन युवाओं के लिए अच्छी नौकरी ढूंढना एक गंभीर समस्या है। आज भी बेरोजगार युवाओं की संख्या परेशान करती है। निजी क्षेत्र में उन्हें अवसर तो मिलते हैं लेकिन हर एक को उतना वेतन नहीं मिलता जितनी उसकी पारिवारिक जरूरतें होती हैं। इसी तरह आयुष्मान भारत स्कीम अच्छी योजना है, लेकिन उसके दुरुपयोग की खबरें भी आती रहती हैं। वहीं, इंश्योरेंस रेग्युलेटर IRDAI की हाल में आई रिपोर्ट बताती है कि 2023-24 के दौरान हेल्थ इंश्योरेंस के 71.3 फीसदी दावे ही सेटल किए गए। जाहिर है नियामक को इसे गंभीरता से लेना होगा। इसी तरह नियंत्रण रेखा से जुड़ा विवाद सुलझा लिए जाने के बाद अब नए साल में चीन के साथ रिश्तों में बेहतरी की उम्मीद बढ़ गई है। बांग्लादेश के हालात जरूर भारत के लिए कुछ चुनौती पेश कर रहे हैं, अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर भी कुछ आशंकाएं हैं, फिर भी कुल मिलाकर साल 2025 युद्ध के बजाय शांति की संभावनाओं को मजबूती देता दिख रहा है। कुल मिलाकर सरकार के साथ समाज की भी संयुक्त जिम्मेदारी बनती है कि वह विकास के लिए ईमानदार कोशिशें करें और इसके लिये सबसे जरूरी यह है कि किसी भी तरह की दरारें पैदा न हों।

**वाणी की पवित्रता, मन की, इंद्रियों की, और एक दयालु हृदय की आवश्यकता उस व्यक्ति को होती है जो दिव्य मंच पर उठने की इच्छा रखता है।**

**- चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1757- रॉबर्ट क्लाइव ने कलकत्ता (अब कोलकाता) पर कब्जा किया।
- 1839- फ्रांसिसी फोटोग्राफर लुई दागुएरे ने चांद की पहली फोटो प्रदर्शित की।
- 1899- स्वामी रामकृष्ण के आदेश के बाद साधु कलकत्ता (अब कोलकाता) स्थित बेलूर मठ में रहने लगे थे।
- 1942- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी सेना ने फिलीपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।
- 1954- देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न की शुरुआत।
- 1954- पद्म विभूषण पुरस्कार की स्थापना की गई थी।
- 1971- स्कॉटलैंड के ग्लासगो में एक फुटबाल मैच के बाद भगदड़ मचने से 66 फुटबाल प्रेमियों की मौत हो गई।
- 1973- जनरल एस.एच.एफ.जे. मानेकशॉ को फील्ड मार्शल के रूप में पदोन्नत किया गया।
- 1978- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कांग्रेस (आई) के नाम से नयी पार्टी का गठन किया और खुद को इसका अध्यक्ष घोषित किया।
- 1980- ब्रिटेन के सरकारी उपक्रम 'ब्रिटिश स्टील कॉर्पोरेशन' में काम करने वाले एक लाख कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर पचास साल में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर हड़ताल की।
- 1989- रणसिंघे प्रेमदास श्रीलंका के राष्ट्रपति बने।
- 1991- तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे को अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा दिया गया।
- 1994- अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच 36 घंटे तक चले संघर्ष में 600 से ज्यादा लोग हताहत।
- 2001- कुमोय द्वीप और मात्सु द्वीप से एक-एक पर्यटक नौका पहली बार कानूनी तौर पर ताइवान क्षेत्र से चीन की मुख्य भूमि तक पहुंची।
- 2004- पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सम्मेलन के दौरान क्षेत्रीय सहयोग के लिए दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन के सात देश मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने के प्रस्ताव पर सहमत।
- 2016- सऊदी अरब के जाने-माने शिया मौलवी निम्र अल निम्र और उनके 46 साथियों को सरकार ने फांसी की सजा दी। मौलवी ने 2011 के सरकार विरोधी प्रदर्शनों का खुलेआम समर्थन किया था।
- 1970- बुला चौधरी- प्रसिद्ध तैराक का जन्म।

## निशाना

### ना कांपे जुबान !



-कृष्णेन्द्र राय

**फायदे की खातिर।**
**देते ग़लत बयान।।**
**करके ऐसा उनकी।**
**ना कांपे जुबान।।**
**हैं जनता के सेवक।**
**पर कैसा संदेश ?**
**उछल उछल कर खूब।**
**दे रहे उपदेश।।**
**है लगाम ज़रूरी।**
**स्वाद भी चखाना।।**
**आया कैसा काल।**
**कब लेंगे हर्ज़ाना।।**
**बार-बार ये इस तरह।**
**क्यों रहे कुरेद ?**
**रहता दिल में काला।**
**पहने पर सफ़ेद।।**

# 'भारत रत्न' की मांग से पहले मनमोहन सिंह से माफ़ी माँगेंगे केजरीवाल?

■ पंकज श्रीवास्तव

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर बनी और 2019 में रिलीज़ हुई फ़िल्म 'एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर' के क्रियेटिव डायरेक्टर हंसल मेहता ने मान लिया है कि यह फ़िल्म पूर्व प्रधानमंत्री को बदनाम करने के लिए बनायी गयी थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर मशहूर पत्रकार वीर सांघवी की इस टिप्पणी को सौ फ़ीसदी से ज़्यादा सही बताया है कि 'यह फ़िल्म 'झूठ' पर आधारित अब तक बनी सबसे ख़राब हिंदी फ़िल्मों में से एक है। यह फ़िल्म उदाहरण है कि कैसे किसी शरीफ़ आदमी को बदनाम करने के लिए मीडिया का इस्तेमाल किया जा सकता है।÷ फ़िल्म में मनमोहन सिंह की भूमिका निभाने वाले और पीएम मोदी के मशहूर प्रशंसक अभिनेता अनुपम खेर ने जब इस पर भड़कते हुए हंसल मेहता को याद दिलाया कि वे भी इस फ़िल्म से जुड़े थे, इसलिए उनका सांघवी की टिप्पणी से सहमति जताना 'पाखंड' है तो मेहता ने बिना किसी लाग-लपेट के कहा, 'जाहिर है मैं अपनी ग़लतियों का मालिक हूँ। मैं स्वीकार कर सकता हूँ कि मुझसे ग़लती हुई।'

लेकिन आम आदमी पार्टी में हंसल मेहता जैसा साहस नहीं है। वरना इस पार्टी के नेता दिवंगत मनमोहन सिंह के लिए 'भारत रत्न' की माँग करने से पहले एक बार उनके साथ किये गये अपने व्यवहार के लिए माफ़ी माँगते। यह कैसी उलटबाँसी है कि मनमोहन सिंह को 'भ्रष्टतम प्रधानमंत्री' क़रार देने वाले भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के गर्भ से निकली पार्टी आज उन्हें 'ईमानदार' और 'देश को दिशा' देने वाले प्रधानमंत्री के रूप में याद करते हुए 'भारत रत्न' देने की माँग कर रही है। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दिये एक इंटरव्यू में कहा, 'मनमोहन सिंह जी का निधन भारत के लिए अपूरणीय क्षति है। इतिहास उन्हें एक महान और ईमानदार नेता के तौर पर याद रखेगा। उनमें भारत रत्न पाने की सभी योग्यताएं हैं। भारत सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।'जिन लोगों को 2011 से 2013 के बीच दिल्ली में अन्ना हज़ारे के चेहरे और अरविंद केजरीवाल के बनाये नक़्शे पर हुए जन-लोकपाल आंदोलन की याद होगी उन्हें मनमोहन सिंह के देहांत के बाद आ रहे ऐसे बयानों को देखकर निश्चित ही हैरान होगी। आंदोलन के समय गाँधी का 'अवतार' प्रचारित किये गये अन्ना हजारे ने कहा, 'मनमोहन सिंह के लिए समाज और देश सबसे पहले आता था। उनकी वजह से हमारे देश को एक नई दिशा मिल गई और देश प्रगति पथ पर आज भी चल रहा है।' वहीं, अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि 'डॉ. सिंह एक दूरदर्शी नेता थे जिनके आर्थिक सुधारों ने आधुनिक भारत को आकार दिया और जिनकी विनम्रता ने अनगिनत लोगों के जीवन को प्रभावित किया।'इन बयानों को सुनने के बाद यह यक़ीन करना मुश्किल है कि





इन लोगों ने कभी जंतर-मंतर से लेकर रामलीला मैदान तक मनमोहन सिंह और उनकी कैबिनेट के कथित भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर तूफ़ान खड़ा कर दिया था। आंदोलन की माँग एक 'जन-लोकपाल' बनाने की थी जिसके पास इतनी ताक़त हो कि वह प्रधानमंत्री को भी तलब कर सके और सीबीआई भी उसके अधीन हो। आंदोलन में गीत-संगीत और लहराते तिरंगों से बँधे समाँ को कॉरपोरेट नियंत्रित न्यूज़ चैनलों ने घर-घर पहुँचाया जिससे मनमोहन सरकार की छवि अखिल भारतीय स्तर पर 'भ्रष्ट' बन गयी। अन्ना आंदोलन के नेताओं का कहना था कि 'जन लोकपाल' बनते ही सारे भ्रष्टाचारी जेल में होंगे। तब अरविंद केजरीवाल ने कहा था, 'अगर सीबीआई स्वतंत्र हो तो हमारे प्रधानमंत्री भी 2जी या कोयला घोटाले में जेल जा सकते हैं।'

यानी केजरीवाल को पूरा यक़ीन था कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह टेलीकॉम और कोयला घोटाले के पीछे हैं और अगर सीबीआई स्वतंत्र हो तो उनका जेल जाना तय है। उस समय मीडिया एक लाख छिहत्तर हज़ार करोड़ के टेलीकॉम घोटाले का आकलन करने वाले सीएजी विनोद राय की बात को ब्रह्म-वाक्य की तरह प्रचारित कर रहा था। कभी कोयला घोटाला तो कभी कॉमनवेल्थ घोटाला, कभी टूजी घोटाला, 2009 में दूसरी बार चुनाव जीतने के बाद जो मीडिया 'सिंह इज़ किंग' की धुन बजा रहा था, अचानक उनकी सरकार के ख़िलाफ़ विस्फोटक सामग्रियों से भर गया था। सीएजी विनोद राय ने इस मामले को लेकर किताब लिखी थी जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस सांसद संजय निरुपम ने पीएसी या जेपीसी की बैठकों में मनमोहन सिंह का नाम न लेने के लिए दबाव बनाया था। लेकिन जब संजय निरुपम ने मानहानि का दावा किया तो उन्होंने मान लिया कि यह उनकी ग़लतबयानी थी।

यह बात आसानी से समझी जा सकती है कि तब मनमोहन सरकार के ख़िलाफ़ व्यापक षड्यंत्र रचा गया जिसका कांग्रेस को भारी नुक़सान झेलना पड़ा। अन्ना आंदोलन में भीड़ और अन्य सुविधाएँ जुटाने में आरएसएस ने पूरी ताक़त लगायी थी जो लोकसभा चुनाव में बीजेपी के लगातार दूसरी बार हारने से परेशान था। उसने केजरीवाल को अपना ही प्यादा समझा था जो कभी उसके 'विवेकानंद फ़ाउंडेशन' में रणनीति बनाने जुटते थे लेकिन केजरीवाल ने अलग पार्टी बनाकर गच्चा दे दिया। पर क्या इस पार्टी ने सरकार बनाने के बाद अपने 'जनलकोपाल' को लेकर कोई गंभीरता दिखाई जिसे वह एक ज़माने में हर मर्ज़ का इलाज बताती थी?केजरीवाल ने केंद्र की मनमोहन सरकार और दिल्ली की शीला दीक्षित सरकार पर भ्रष्टाचार के तमाम आरोप लगाते हुए दिसंबर 2013 में हुए चुनाव में दिल्ली में 28 सीटें जीती थीं। बहुमत के लिए उन्हें उसी कांग्रेस से समर्थन लेना पड़ा जिसे रात-दिन गाली देते आये थे। उस समय उन्होंने अपने 'जन लोकपाल बिल' को स्वीकार न किये जाने को मुद्दा बनाते हुए दो महीने बाद ही इस्तीफ़ा दे दिया और फिर 2015 में दिल्ली की 70 में से 67 सीटें जीतकर रिकार्ड बना दिया। इसी के साथ जन-लोकपाल को भूलने की शुरुआत भी हो गयी। दिल्ली विधानसभा में जनलोकपाल बिल पारित करके केंद्र को भेज दिया गया और चुप्पी साध ली गयी।दिल्ली के पूर्ण राज्य न होने या सरकार के पास पूरे अधिकार न होने की उसकी दलील इसलिए बेकार है कि पंजाब में पूरी शक्ति वाली सरकार होने के बावजूद आज तक जनलोकपाल बिल पारित नहीं किया गया। सरकार तो छोड़िए, पार्टी में भी कोई लोकपाल नहीं है। एक समय एडमिरल रामदास जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति को पार्टी पर नज़र रखने के लिए लोकपाल बनाया गया था लेकिन दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनते ही उनसे छुटकारा पा लिया गया। लोकतंत्र वग़ैरह का सवाल उठाने वाले प्रशांत भूषण और योगेंद्र यादव जैसे लोग भी पार्टी से बाहर कर दिये गये।वे कभी इस क़ानून को लेकर की जा रही हीलाहवाली पर भी मुखर नहीं हुए। मोदी सरकार ने देश का पहला लोकपाल 2019 में नियुक्त किया यानी क़ानून बनने के छह साल बाद और सीबीआई ने लोकपाल के कहने पर पहला केस मार्च 2022 में दर्ज किया। अन्ना आंदोलन के दौरान सूख कर काँटा हो गये केजरीवाल पर अब सेहत की देवी मेहरबान है लेकिन लगता है कि उनकी स्मृति काफ़ी कमज़ोर हो गयी है, वरना उन्हें भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के दौरान लिए गये अपने तमाम संकल्पों की याद ज़रूर होती।

भ्रष्चाचार विरोधी अन्ना आंदोलन का पूरा लाभ स्वाभाविक तौर पर उस समय की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को मिला और मोदी की बयानबाज़ियों ने राजनीतिक रंगमंच पर ताली लूटने वाला नायक बना दिया। मोदी प्रधानमंत्री बन गये। लेकिन बीते दस सालों में भ्रष्टाचार में कमी आने के बजाय बढ़ गया। 2014 में ट्रांसपरेंसी इंटरनेशन द्वारा जारी की जाने वाली भ्रष्ट देशों की सूची में भारत की रैंकिंग 85वीं थी। 2024 में उसका स्थान गिरकर 93वाँ हो गया है। 2023 में भारत का भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) 39 रहा जबकि 180 देशों की इस सूची में सबसे कम भ्रष्ट देश का ख़िताब पाने वाले डेनमार्क का सीपीआई 90 और सबसे अधिक भ्रष्ट देश कहे जाने वाले सोमालिया का सीपीआई 18 है।आज आम आदमी पार्टी वाक़ई एक 'आम' पार्टी बन चुकी है। केजरीवाल समेत उसके कई नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जा चुके हैं। सादगी का नारा देने वाले केजरीवाल पर शराब नीति में घोटाला करने और मुख्यमंत्री रहते अपने आवास पर 52 करोड़ खर्च कर उसे 'शीशमहल' बना देने का आरोप है। मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद आतिशी सिंह कुर्सी पर उनका खड़ाऊँ लेकर शासन कर रही हैं। यानी सामूहिक नेतृत्व, पारदर्शिता और ईमानदारी का उसका दावा सवालों के घेरे में है। केजरीवाल कभी अपने मंच से 'इंसान से इंसान में हो भाईचारा' जैसा गीत गाते थे, लेकिन सीएए और एनआरसी के ख़िलाफ़ दिल्ली में हुए आंदोलन और हिंसा पर पार्टी और सरकार के रवैये ने धर्मनिरपेक्षता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी संदिग्ध बना दिया है। तो केजरीवाल के आंदोलन का हासिल क्या रहा? यही न कि बेदाग़ चरित्र वाले मनमोहन सिंह बुरी तरह बदनाम हुए और केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनने का मौक़ा मिल गया। केजरीवाल और उनकी पार्टी के शब्दबाणों से घायल मनमोहन सिंह ने कभी कोई जवाब नहीं दिया। उल्टा जब दिल्ली सरकार के अधिकार कम करने के लिए मोदी सरकार 'दिल्ली सर्विसेज़ बिल' ले आयी, मनमोहन सिंह इसके ख़िलाफ़ वोट देने के लिए व्हील चेयर पर राज्यसभा पहुँचे थे। यह मनमोहन सिंह का बड़प्पन था। केजरीवाल चाहते तो उनसे मिलकर उन पर लगाये अपने आरोपों पर माफ़ी माँग सकते थे, लेकिन चूक गये। मनमोहन सिंह को 'भारत रत्न' देने की माँग में छिपा हुआ है कि आम आदमी पार्टी अपने आरोपों को ग़लत मानती है। केजरीवाल चाहें तो सार्वजनिक रूप से खेद प्रकट करके पिछली चूक को ठीक कर सकते हैं।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# एआई ने दुनिया की सोच को भी बदल दिया

■ डॉ. शशांक द्विवेदी

पूरी दुनिया में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में साल 2024 में कई बड़े बदलाव हुए। एआई सहित कई-कई टेक इनोवेशन सामने आये हैं, जिन्होंने तकनीकी दुनिया को बदलने और लोगों को हैरान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोगों ने जनरेटिव एआई को अपनाने से लेकर फोल्डेबल स्मार्टफोन की बढ़ती पॉपुलेरिटी तक, एक्सेसिबिलिटी और इंटीग्रेशन को बढ़ाने पर फोकस किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए साल 2024 एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी साल साबित हुआ। इस साल एआई ने तकनीकी विकास में ऐसी छलांग लगाई, जिसने न केवल डिजिटल दुनिया बल्कि आम लोगों की जिंदगी को भी पूरी तरह से बदल दिया। एआई अब हर सेक्टर में काबिज हो रही है।

5जी की प्रौद्योगिकी ने तेज इंटरनेट स्पीड और कनेक्टिविटी के मामले में एक क्रांतिकारी बदलाव किया है। इसके चलते स्मार्टफोन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स डिवाइसेस की क्षमता में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में वर्चुअल रियलिटी और ऑगमेंटेड रियलिटी (वीआर/एआर) ने गेमिंग, एंटरटेनमेंट, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में नयी ऊंचाइयों को छुआ है। नये और उन्नत वीआर/एआर हेडसेट्स और एप्लिकेशन का विकास हुआ है। 2024 में मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट कंज्यूमर टेक्नोलॉजी में नए सेगमेंट के रूप में सामने आए हैं, जो फिजिकल और डिजिटल इनवायरन्मेंट को सीमलेस ब्लेंड करते हैं। एपल और मेटा जैसे ब्रांड ने ऐसे डिवाइस पेश किए हैं जो वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) को इंटीग्रेट करते हैं ताकि डीप इमर्सिव एक्सपीरियंस ऑफर किए जा सकें।

बीते साल क्वांटम कम्प्यूटर के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई। आईबीएम और गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियों ने अपने क्वांटम कंप्यूटरों के नये वर्शन पेश किये हैं, जिनका उद्देश्य समस्याओं को हल करने की गति को मौजूदा सुपरकंप्यूटर से कई गुना अधिक बढ़ाना है। एआई ने शिक्षा के क्षेत्र में भी नई क्रांति लाने का काम किया।



भारत की पहली एआई टीचर के रूप में आइरिस जानी जाती हैं। इस साल मार्च में इन्हें तिरुवनंतपुरम के केटीसीटी स्कूल द्वारा विकसित किया गया।

वर्ष 2024 में बायोइलेक्ट्रॉनिक्स और हेल्थ टेक्नोलॉजी ने स्वास्थ्य देखभाल को एक नयी दिशा दी है। स्मार्ट वियरेबल्स, स्वास्थ्य से संबंधित एप्स और एआई-बेस्ड डायग्नोस्टिक टूल्स ने मेडिकल क्षेत्र में सुधार किया है। वहीं, सस्टेनेबिलिटी और ग्रीन टेक की बात करें, तो पर्यावरणीय चिंताओं को ध्यान में रखते हुए ग्रीन टेक्नोलॉजी में भी इस साल इनोवेशन हुआ है। सोलर पैनल्स, इलेक्ट्रिक वाहन और ऊर्जा संरक्षण के नये तरीके सामने आये हैं। ट्रांसपेरेंट टीवी इस साल काफी चर्चा में रहा। ये 77-इंच का एक ट्रांसपेरेंट टीवी है, ये बंद होने पर शीशे की तरह दिखता है। टीवी ऑन होता है तो एक अलग ही तरह विजुअल एक्सपीरियंस मिलता है। इसमें वायरलेस कनेक्टिविटी के लिए ज़ीरो कनेक्ट बॉक्स का यूज किया गया है।

वर्ष 2024 में हुआवई ने फोल्डेबल या फ्लिप फोन नहीं बल्कि ट्रिपल फोल्ड फोन लॉन्च किया है। ये दुनिया का पहला ट्रिपल-फोल्ड स्मार्टफोन है। स्मार्टफोन खुलने पर 10.2 इंच की बड़ी स्क्रीन ऑफर करता है। ये टैबलेट की तरह भी यूज किया जा सकता है। इसमें 1टीबी स्टोरेज है। फोटो-वीडियोग्राफी के लिए चार कैमरा हैं। स्मार्टफोन से कई फोल्डिंग मोड्स में काम कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से स्मार्टफोन, लैपटॉप और दूसरे गैजेट के काम करने के तरीके का एक जरूरी हिस्सा बन गया है। ये क्रिएटिव और प्रेक्टिकल फीचर्स को एड करती है, जो इन डिवाइसेज के इस्तेमाल के तरीके को बेहतर बनाती है।

वर्ष 2024 में हुए सबसे बड़े इनोवेशन की बात की जाएगी तो उसमें न्यूरालिंक का जिक्र होगा। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब इंसानी दिमाग में चिप लगाई गई। इस साल की शुरुआत में एलन मस्क के टेक स्टार्टअप न्यूरालिंक ने यह कारनामा किया था। कंपनी ने चिप को लेकर दावा किया कि इसके जरिये कम्युनिकेशन और बॉडी को कंट्रोल किया जा सकता है। इस साल कई ऐसे इनोवेशन हुए जो कल्पनाओं से भी परे थे। इतिहास का सबसे बड़ा शटडाउन भी इसी साल देखने को मिला। दुनिया का पहला एआई हॉस्पिटल बनाने वाला देश चीन है, जिसमें मरीजों का इलाज रोबोट करते हैं। इसमें 14 एआई डॉक्टर और 4 एआई नर्स हैं। एआई हॉस्पिटल नए इनोवेशन के नजरिये से काफी दिलचस्प है। एआई डॉक्टर मशीन लर्निंग के आधार पर काम करते हैं। बेहतर, उन्नत और लगातार इस्तेमाल के साइड इफेक्ट्स भी देखने को मिले। मसलन, 2024 में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों ने हर किसी को परेशान किया।

साल 2024 ने साबित कर दिया कि एआई सिर्फ एक तकनीक नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे न केवल जीवन आसान हुआ है, बल्कि प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी को भी एक नया आयाम मिला है।

**(साभार : लेखक विज्ञान मामलों के जानकार हैं।)**



**नर्मदापुरम।** इन दोनों शीत लहर का प्रकोप है. घना कोहरा छाया हुआ है. सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं. नगर में जगह-जगह अलाव जलते हुए दिखाई दे रहे हैं.

# पुण्य से ही धार्मिक आयोजनो में बैठने का सौभाग्य :विरंजन सागर

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नगर में श्रीविराग सागर महामुनिराज के शिष्य उपाध्याय श्री विरंजन सागर महाराजी के ससंघ सानिध्य में समवषरण विधान चल रहा है। जिसमें सुबह से अभिषेक, पूजन, शांतिधरा मुनि श्री के मुखारविन्द से सम्पन्न हुई। इसके बाद समवषरण विधान का शुभारंभ हुआ। जिसमें चारो दिषाओ के मानसस्तंभ की स्थापना की गई एवं पूजन किया। इसके बीच मुनिश्री के प्रवचन हुए। मुनिश्री ने कहां कि पुण्य से ही धार्मिक अयोजनो में बैठने का सौभाग्य प्राप्त होता है और महापुण्य के उदय से महापदो पर विभूषिम होते है। सौधर्म व कुवेर सामान्य पद नही है। ये बडे पुण्य से प्राप्त होते है। पुण्य से



धन सदउपयोग में लगता है। संध्याकाल में महाआरती की बग्गी ओर हाथी के साथ बैंड गाजे बाजो की धुन पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। साथ ही समवषरण विधान की महाआरती की गई। इसके अलावा नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। इसके बाद संध्याकाल में ब्रम्हचारी अंकित भैयाजी के प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भव्य कविसम्मेल का कार्यक्रम हुआ। जिसमें डाक्टर अनामिका जैन अम्बर, दमदार बनारसी, पंकज अंगार, सौरभ भंयकर ने कविताए सुनाई।

### नर्मदांचल कलमकार संस्थान एवं माधव ज्योति अलंकरण समिति का अभिनंदन समारोह

# पत्रकारिता का जीपीएस सिस्टम अपनाएं : किशोर अजवाणी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

आज के दौर में पत्रकारिता पर एक पक्षीय होने का संदेह गहराते जा रहा है। मीडियाकर्मी जब भी एक पक्षीय होते है तो पत्रकारिता की आत्मा को चोट पहुंचती है। मुझे लगता है अभी भी पत्रकारिता में तटस्था को बनाए रखा जा सकता है।

ये बात वरिष्ठ पत्रकार किशोर अजवाणी ने नर्मदांचल कलमकार संस्थान एवम् माधव ज्योति अलंकरण समिति द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कही। श्री अजवाणी ने कहा कि पत्रकारिता में जीपीएस सिस्टम पर काम करने की जरूरत है। जीपीएस का तात्पर्य गवर्नेस, पॉलिसी और सोसायटी से है। ये आम जन से जुड़े होते है। इन तीनों विषयों पर संवेदनशीलता की आवश्यकता है जिसके लिए बतौर मीडियाकर्मी हम बेहतर काम कर सकते है। नव वर्ष पर मित्र मिलन समारोह में किशोर अजवाणी को



एशियन टेलीविजन अवार्ड में श्रेष्ठ न्यूज प्रजेंटर एंकर के रूप मिले सम्मान और साहित्यकार अशोक जमनानी को महादेवी वर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा पर दोनों विभूति का सम्मान किया गया। समाजसेवी हेमंत शुक्ला,सुधीर गोठी ने श्री अजवाणी एवम् श्री जमनानी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर अभिनेता राहुल चेलानी और पत्रकार राजीव अग्रवाल का जन्मदिन भी सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर

साहित्यकार अशोक जमनानी ने पत्रकारिता से जुड़ी अपनी रचना यूं ही जुड़े रद्दी के कारोबार सुनाकर पत्रकारों की चुटकी ली।वहीं उन्होंने कहा कि आज के समय को साहित्यिक और सांस्कृतिक क्रांति की आवश्यकता है । कविता साहित्य सृजन से ज्यादा संवेदना का विषय है और संस्कृति हमारी पहचान है। हम सब दादा माखनलाल चतुर्वेदी की माटी में जन्में है और पत्रकारिता से जुड़े हुए साथी भी शब्द साधक है तो इस नाते हमारा दायित्व इसके लिए और भी बढ़ जाता है। अतिथिद्वय हेमंत शुक्ला और सुधीर गोठी ने आयोजन की।

कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र कौरव और राजेंद्र ठाकुर ने किया। आभार नीरज करैया ने व्यक्त किया। इस दौरान श्रीमती अजवाणी का भी सम्मान महिला पत्रकारों सीमा कैथवास, पूजा ठाकुर, नेहा मालवीय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमोद पगारे, महेंद्र यादव,विकास नारोलिया,सुनील वाजपई, अभिषेक मिहानी,राहुल चेलानी,बीनू बुधौलिया,अनिमेष चटर्जी,रूपेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण,गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### अवैध उत्खनन के विरूद्व कार्यवाही जारी

# अब तक 8 मोटरबोट, 4 डंपर व सात ट्रेक्टर ट्राली जप्त



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम के नेतृत्व में अवैध उत्खनन / परिवहन / भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज विभाग द्वारा 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक रेत के अवैध उत्खनन परिवहन में लिप्त 19 वाहनों को जप्त किया गया है। जिसमें 08 मोटर वोट, 04 डम्पर एवं 07 ट्रेक्टर ट्राली सम्मिलित हैं। 26 दिसम्बर को ग्राम-होरियापीपर, तह. नर्मदापुरम से डम्पर क्रमांक-एम.पी. 48 एच 1065 को मिट्टी खनिज का अवैध उत्खनन करते हुए जप्त कर आर.टी.ओ. परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। 27 दिसम्बर को ग्राम-मनवाड़ा, तह. माखननगर से रेत का अवैध उत्खनन करते हुए डम्पर क्रमांक-एम.पी.05 जी. 8140 एवं एम.पी. 04 एच.ई. 4149 को जप्त कर माखननगर थाने में अभिरक्षा में दिया गया। 31 दिसम्बर को ग्राम-हथनापुर में डम्पर क्रमांक-एम.पी. 04 एच.ई. 4953 को गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर थाना-डोलरिया में अभिरक्षा में रखा गया हैं। उक्त कार्यवाहियों में दिवेश मरकाम, जिला खनि अधिकारी, पिंकी चौहान, खनि निरीक्षक, कृष्णकांत सिंह परस्ते, प्र0 खनि निरीक्षक, होमगार्ड एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

# भोपाल के विज्ञान मेले में होम साइंस कॉलेज की छात्राओं ने किया भ्रमण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम के विज्ञान की छात्राओं ने 27 से 30 दिसंबर 2024 तक आयोजित हुए भोपाल विज्ञान मेला-2024 में सक्रिय रूप से भाग लिया। मेले का आयोजन विज्ञान भारती एवं मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्था भोपाल द्वारा भोपाल स्थित जंबूरी मैदान भोपाल में किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विज्ञान विषय की 56 छात्राओं एवं अध्यापकों ने अपनी सहभागिता दी। मेले का उद्देश्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति लोगों में जागरूक पैदा करना होता है इस मेले में विभिन्न प्रदर्शनी, वैज्ञानिक कार्यशाला, व्याख्यान का आयोजन किया गया और विकासशील भारत के लिए प्रोद्योगिकी और नवाचार के महत्व को समझाया गया। वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों,



अधिकारियों, उद्यमियों एवं जन सामान्य को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मेले में विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई। यह मेला विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद साबित हुआ। इसमें छात्राओं ने न केवल विज्ञान के प्रति अपनी रूचि को बढ़ाया बल्कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में अपने योगदान को समझा। इस आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दीपक अहिरवार, धीरज खातरकर, डॉ. प्रगति जोशी, श्प्रीति मालवीय, रैनी राजपूत, दुर्गा जोशी एवं छात्राएं सम्मिलित रहे।

# भारत-पाक विभाजन पर नाटक हिन्दोस्तान जाकर कहवा का मंचन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भारत विभाजन हो जाने की घटना को लेकर लेखक चन्द्रगुप्त विद्यालंकार, परिकल्पना एवं निर्देशन रत्नेश साहू, समूह साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति नर्मदापुरम द्वारा नाटक का मंचन किया गया.


चन्द्रगुप्त विद्यालंकार द्वारा लिखित यह एकांकी भारत का विभाजन हो जाने की रात की घटना पर आधारित है। पाकिस्तान बन जाने के कारण पश्चिम पंजाब से भारत आने के लिए मोटर लॉरियों का एक बडा काफिला चला आ रहा है। इसी लॉरी में भारत आने के लिए रवाना हुए एक वयोवृद्ध संभ्रांत सज्जन का परिवार जिसमें उनके दो युवक पुत्र देशराज व मुकुंदी और उनकी युवति पुत्री निर्मला सवार है। तभी अचानक उनकी लारी जो कि बहुत पीछे छूट जाती है। व इंजन की



खराबी के कारण बंद हो जाती है। तभी इसी दौरान आंतकियों द्वारा उनके दल पर हमला कर दिया जाता है। इस हमले में वृद्ध का बड़ा बेटा देशराज परिवार को बचाते हुए मारा जाता है तथा वृद्ध की छाती में हुरे से वार कर दिया जाता है। मुकुंदी और निर्मला जैसे तैसे वृद्ध पिता को बचाकर सडक से दूर एक खेत में छिपकर बैठ जाते हैं। इसके उपरान्त होश में आने पर 71 वर्षीय वृद्ध पिता चल पाने में असमर्थ होने के कारण अपने बेटे मुकुंदी और बेटी निर्मला को उसी समय रात के सन्नाटे में आजाद हिन्दोस्तान चले जाने को कहता है और वह जाने से पहले दोनों को भारत की बहुत बड़ी धरोहर के बारे में बताता है।

## देविका का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

**नर्मदापुरम।** शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में 5 एमपी गर्ल्स बटालियन की इकाई संचालित है। महाविद्यालय में संचालित इकाई के



केडेट्स उत्तरोत्तर उन्नति के पद पर अग्रसर है। महाविद्यालय की छात्राएं विभिन्न पदों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। महाविद्यालय की सीनियर अंडर ऑफिसर कुमारी देविका तिवारी का गणतंत्र दिवस परेड 2025 हेतु चयन हुआ है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने एनसीसी केडेट्स को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि छात्राएं अत्यंत अनुशासित एवं कर्मठ है एवं महाविद्यालय में सहज पहरी के रूप में कार्य करती हैं । आरडीसी में चयनित देविका तिवारी मेहनती छात्रा है. हर विषम परिस्थिति को एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर टास्क पूरा करती है।

**मेट्रो एंकर** | जनजाति विभाग के आयुक्त से मिला शिक्षक संगठन

# शिक्षकों की पदोन्नति का रास्ता हुआ साफ

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के लगातार किए गए प्रयास से उच्च माध्यमिक शिक्षकों के उच्च पद प्रभार का रास्ता साफ हो गया। जैसा कि जनजातीय कार्य विभाग से जारी राजपत्र 8 अगस्त 2018 में शासन के कुछ नुमाइंदों के कारनामों के कारण जनजातीय कार्य विभाग में उच्च माध्यमिक शिक्षकों के पदोन्नति/उच्च पद प्रभार का मार्ग अवरूद्ध कर दिया गया था।

जिसका मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन लगातार विरोध कर रहा था। तथा इसमें सुधार के लिए प्रयासरत रहा। जैसा कि स्कूल शिक्षा विभाग ने विगत कई महीनों पूर्व उच्च माध्यमिक शिक्षकों का प्राचार्य हाई स्कूल पद पर उच्च पद



प्रभार की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। किन्तु जनजातीय कार्य विभाग में उच्च माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन भी नहीं किया गया है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राम मोहन रघुवंशी ने बताय प्रतिनिधि मंडल प्रान्तीय अध्यक्ष राकेश दुबे के नेतृत्व में आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श शुक्ल से मिलकर उक्त समस्या के निराकरण का निवेदन किया, उन्होंने तत्काल अपर संचालक सुधीर जैन को बुलाकर इस संबंध में पूरी जानकारी चाही। जैन ने बताया यह बात सही है कि जनजातीय कार्य विभाग में उच्च माध्यमिक शिक्षकों के पदोन्नति/ उच्च पद प्रभार का कोई प्रावधान नहीं था, किन्तु संगठन द्वारा उक्त समस्या को संज्ञान में लाने व बार प्रयास के कारण उक्त समस्या का निराकरण कर दिया गया है और नया राजपत्र जारी हो गया है । अब उच्च माध्यमिक शिक्षकों के पदोन्नति/ उच्च पद प्रभार का मार्ग प्रशस्त हो गया है। शीघ्र ही इनके अनन्तिम वरिष्ठता सूची जारी कर दी जाएगी तथा आगे की कार्यवाही पर गति आएगी । संगठन ने माध्यमिक शिक्षकों व प्राथमिक शिक्षकों के उच्च पद प्रभार का मुद्दा भी उठाया और बताया कि इसकी गति भी धीमी है। इस अवसर पर प्रान्तीय अध्यक्ष राकेश दुबे के अतिरिक्त कार्यवाहक प्रान्तीय अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल, प्रान्तीय सचिव संजीव त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय जेल में पशुपालन एवं डेयरी फार्मिंग पर प्रशिक्षण शिविर संपन्न

- 285 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सोनिया मीना के द्वारा विभिन्न विभागो से समन्वय स्थापित कर केन्द्रीय जेल नर्मदपुरम के बंदियों को स्वरोजगार परख, कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये गये। निर्देश के अनुक्रम में पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला नर्मदापुरम के माध्यम से 02 दिवसीय पशु पालन एवं डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खंड 'ब के 285 बंदियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ. शैलेन्द्र



नेमा उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग नर्मदापुरम एवं डॉ. राजेश शर्मा-बी.एम.ओ. पशु चिकित्सालय नर्मदापुरम के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर संतोष सोलंकी जेल अधीक्षक, प्रहलाद सिंह बरकडे उप जेल अधीक्षक, ऋतुराज सिंह दांगी एवं हितेश बंडिया सहायक जेल अधीक्षक एवं उपस्थित रहे।

# कृषि उपज मंडी में ऑनलाइन फसल खरीदने-बेचने की शुरुआत हुई

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

**पहले दिन 92 किसानों ने नवीन तकनीक से बेची**



सरकार के द्वारा कृषकों को फसलों के अच्छे दाम दिलाने के लिए तथा कहीं भी फसल बेचने एवं खरीदने का कार्य कहीं से भी व्यापारी कर सकेंगे। 1 जनवरी से मंडी में ई नीलामी के माध्यम से ही इस काम को किया जाएगा जिसका आरंभ बुधवार से हो गया है। मंडी सचिव रामदीन इमने करते हुए इसके बारे में विस्तार से बताया किसाने का सम्मान भी किया पहले दिन 92 किसानों ने पंजीयन करवा कर ई नीलामी के तहत अपनी फसल को विक्रय करने कार्य किया। इससे दोनों पक्षों को फायदा होगा कहीं से भी व्यापारी किसानों की फसल के दाम लगा सकेंगे ज्यादा व्यापारी भाग लेंगे तो बोली भी अच्छी मिलने की बात किसानों से कहीं जा रही है। दूसरी ओर ऑनलाइन के माध्यम खरीदी का कार्य कितना कारगर साबित होगी यह तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा। सरकार के द्वारा बी ग्रेड की 42 मंडियों में ई नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की उसी के तहत नगर की मंडी में भी ई नीलामी फसल खरीदने बेचने के लिए व्यापारियों किसानों का पंजीयन करवा कर मंडी परिसर में मंडी सचिव तथा स्टाफ ने ई नीलामी से कार्य करवाया कृषि उपज मंडी में इस प्रक्रिया के तहत कहीं से भी व्यापारी किसाने से फसल खरीदने का काम कर सकेंगे ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने के लिए संबंधित व्यापारी को मंडी के पोर्टल पर पंजीयन करना होग इसी तरह कृषकों को भी फसल बेचने के लिए एक बार मंडी के पोर्टल पर पंजीयन करवाना होगा इसके बाद इनकी फसल की बोली जो व्यापारी अधिक कीमत लगा कर खरीदेगा उसको बेचने का काम कर सकेंगे। बुधवार को कृषि उपज मंडी में ऑनलाइन प्रक्रिया से खरीदी शुरू करवाने के लिए सुबह 10 बजे मंडी सचिव रामदीन इमने के साथ स्टाफ ने व्यापारियों ,हममाल ,तुलावटो के साथ किसान भाई को पहले इसके बारे में बताया जितने व्यापारी मौजूद थे ।उनको भी सरकार की इस नई तकनीक से अवगत कराते हुए इसके माध्यम से ही उपज को बेचने खरीदने के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। पहले दिन 92 किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन करवा कर फसल को बेचने का कार्य किया। लंबे समय से सरकार के द्वारा मंडियों को ऑनलाइन करने के लिए काम किया जा रहा था पहले व्यापारी इसका विरोध कर रहे थे ।अब इसको धरातल पर अमलीजामा पहनाने का काम हो रहा है। यहां कितना कारगर साबित होगा इसका पता तो आने वाले समय में ही चलेगा किसानों को ई नीलामी में सोच समझ कर फसल बेचे बाहर के व्यापारी यदि बोली लगाते हैं तो उनकी पूरी जानकारी और मंडी से संतुष्टि के बाद ही फसल देने का काम करें नहीं तो नहीं तो साइबर फंड करने वाले भी इस प्रक्रिया के माध्यम से किसानों चूना लगाने सकते हैं।स बात की चिंता भी मंडी प्रशासन को करनी होगी पूरी जानकारी किसानों को विस्तार से बताएं कैसे फसल बेचनी हैं। बाहर का कोई व्यापारी ई नीलामी में शामिल होकर फसल खरीदने का काम करता है तो उसको कौन-कौन सी सावधानी बरतनी है।

कृषि उपज मंडी में ई नीलामी से फसल बेचने खरीदने के लिए अलग से इस काम को करने के लिए टीम लगी हुई है उसके द्वारा मंडी के पोर्टल पर व्यापारीगणो से लेकर किसानों के पंजीयन करने का कार्य किया जा रहा। एक बार पंजीयन करवाते समय सभी जानकारी मंडी के पोर्टल पर अंकित हो जाएगी फिर दोबारा से पंजीयन नहीं करना होगा सिर्फ मोबाइल नंबर डालने पर ही संपूर्ण जानकारी आ जाएगी।

## विधायक उमाकांत शर्मा ने भी कतार में लगकर किए महामाई के दर्शन

# नए वर्ष में धार्मिक स्थलों पर उमड़ी भीड़ परिवार के साथ पहुंचकर लिय पिकनिक का आनंद

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**







कैलेंडर के नए साल का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस मौके पर शहरवासियों ने नए साल का स्वागत करने के लिए प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं पिकनिक स्पॉट पार्कों में पहुंचकर अपने परिवार के साथ पहुंचकर आनंद लिया।

बुधवार को मौसम साफ होने ओर खिली हुई धूप में लोग अपने परिवारों सहित नगर की अधिष्ठात्री देवी मां महामाई के दरबार में हजारी लगाने पहुंचे। इस अवसर पर महामाई सेवा समिति ने भी नए साल के आगमन को लेकर मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियां करते हुए पूरे परिसर को रंगीन ध्वज पताकाओं तथा मंडप बनकर सजाया गया था। इस दौरान मंदिर प्रांगण में अयोध्या के श्री राम मंदिर की प्रतिकृति सजाई गई थी। तथा कृष्ण जन्मभूमि मंदिर के पोस्टर भी लगाई गई थे। दोपहर को विधायक उमाकांत शर्मा भी दर्शन करने के लिए महामाई मंदिर के दरबार में पहुंचे। यहां महामाई माता के दर्शनों के लिए लंबी कतार के बीच शर्मा ने भी आम दर्शनार्थियों के तरह कतार में लगकर मैया के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने नवयुवक बेटा बेटियों से संवाद भी किया। नए वर्ष के उल्लास का आलम यह था कि मंदिर प्रांगण में केथन बांध किनारे परिवारों के साथ आए लोगों ने दाल बाटियां बनाकर पिकनिक का आनंद लेते नजर आ रहे थे यह समिति ने आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ बैठने के लिए सोफे का इंतजाम भी किया था। इस मौके पर महामाई सेवा समिति द्वारा एक विजिटर बुक में नागरिकों के सुझाव लेने के लिए काउंटर भी लगाया गया था जिस पर नागरिक बेहतर इंतजामों की प्रशंसा के साथ आने वाले समय में ओर क्या बेहतर किया जा सकता है उस पर अपने विचार साझा कर रहे थे।

इसके अलावा नगरपालिका द्वारा बनाए गए जन्मदिन पार्क तथा दीनदयाल मानस उद्यान में भी उत्साही लोगों का दिन भर तांता लगा रहा। यहां खानपान की दुकानों के भी प्रबंध किए गए थे। विगत दिनों दीनदयाल उद्यान के झूलो की मरम्मत हो जाने तथा उद्यान की गुलाब वाटिका सहित परिसर में पेवर ब्लॉक लग जाने से माहौल खुशनुमा नजर आ रहा था। कुल मिलाकर शहर के चारों ओर के धार्मिक स्थानों पर नए वर्ष की धूम संस्कृति के साथ दिखाई दे रही थी।

# कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ पीटीएम का आयोजन



**तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**

रविवार को नगर के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में ध्ध्ध्ररूबैठक का आयोजन किया गया बैठक में उपस्थित पालकों को उनकी बालिकाओं का अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम बताया गया और उनकी कठिनाई स्तर को बताया गया बैठक में आगामी वार्षिक परीक्षा पर अच्छा परिणाम लाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार की गई । साथ ही अपार आई डी निर्माण में आने वाली समस्याओं के बारे में पालकों से चर्चा हुई

बैठक में स्कूल प्राचार्य पीएल रैकवार केएल चौकसे, चंद्रशेखर हजारी ने अपना संबोधन देकर पूरी कार्ययोजना की जानकारी दी गई इस अवसर पर कक्षा में अर्धवार्षिक परीक्षा के आधार पर प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पालकों के द्वारा पुरस्कृत किया गया बैठक में पालकों के साथ स्कूली शिक्षक जुगल शर्मा,स्वदेश नेमा,गणेश सिंह,जी पी अहिरवाल,अरविंद यादव,नरेंद्र अहिरवाल,हरि मेहरा,संजय खरे,श्रीपाल सिंह,सतीश खरे,अवधेश पांडे,श्री मति जानकी नेमा,ज्योति विश्वकर्मा,धीरेन्द्र सिंह,दशरथ सिंह,हरिराम चक्रवर्ती की उपस्थिति रही

# स्तरीय ओपन ताइक्कांडो प्रतियोगिता में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**



बासौदा ताइक्कांडो क्लब के 10 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय ओपन ताइक्कांडो प्रतियोगिता छिंदवाड़ा में फाइट और पूमसे स्पर्धा 12 गोल्ड और 9 सिल्वर मेडल जीते कोच हेमंत कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता छिंदवाड़ा में आयोजित हुई इसमें प्रदेश की कई टीमों में हिस्सा लिया वहीं नगर के बासौदा ताइक्कांडो क्लब के खिलाड़ियों ने दल प्रमुख रितुल कुमार विश्वकर्मा के साथ फाइट में आकृति नरवरिया, मोहित सूर्यवंशी, कविता सोलंकी, सानिध्य कुशवाह को गोल्ड मेडल, कीर्ति पंथी, सक्षम जाटव, लवलेश सोलंकी, हानि रैकवार, आभा मोहिते, श्रद्धा राजे सिंह को सिल्वर मेडल पूमसे स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग में हनी रैकवार गोल्ड कीर्ति पंथी सिल्वर, पेयर वर्ग में हनी रैकवार मोहित सूर्यवंशी गोल्ड मेडल और आकृति नरवरिया सानिध्य कुशवाह सिल्वर मेडल, ग्रुप बालक वर्ग में लवलेश सक्षम मोहित ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में शहर का नाम रोशन किया।

## बीटीआई उपकेन्द्र का मैंन्टेनेंस के चलते आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बन्द

**नर्मदापुरम ।** प्रबंधक (शहर) जोन-1, म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. नर्मदापुरम ने बताया कि गुरूवार 02 जनवरी को 11 बजे से 2 बजे तक बीटीआई उपकेन्द्र का मैंन्टेनेंस किया जाना है। जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। 33/11 केव्ही सबस्टेशन, बीटीआई सबस्टेशन के अंतर्गत ईदगाह, खोजनपुर गाँव, श्रीगुंज गार्डन के पीछे, कालीमंदिर, राजा मोहल्ला, बी.टी.आई, भीलपुरा, बसंत टाकीज, कोरी मोहल्ला, गुरूकुल, फूटा कुआ, राठौर मार्ग, बालागंज, रविशंकर मार्केट, लेंडिया मैदान एवं अन्य संबंधित क्षेत्र में विद्युत लाईन बन्द रहेगी।



## अब्दुल वाहिद गोरी नगर अध्यक्ष नियुक्त

सिरोंज में आज नवाब मंसूरी के निवास पर जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद की सहमति से वक्फ कमेटी के जिला अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी कुरैशी जी के नेतृत्व में ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष इरफान कुरैशी उर्फ बाबू भाई ठेकेदार द्वारा अब्दुल वाहिद गोरी को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया।

# सिरोंज को जिला बनाने के समर्थन में बर्तन व्यापार संघ ने अपने प्रतिष्ठान रखे बंद, सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



बुधवार को बर्तन व्यापार संघ ने सिरोंज जिला बनाने के समर्थन में अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार संजय चौरसिया को सौंपा।



इस दौरान ज्ञापन का वाचन करते हुए व्यापार महासंघ के अध्यक्ष पदम कुमार ताम्रकार ने कहा कि भौगोलिक परिस्थिति के हिसाब से द्यभी सिरोंज जिला बने अभी वर्तमान में विदिशा की दूरी नगर से ही 90 किलोमीटर है। बाकी अन्य गांवों की दूरी 150 कलोमीटर से अधिक होने से आम आदमी अपनी फरियाद लेकर जिले में पहुंच ही नहीं पता है। टोंक रियासत के समय सिरोंज जिला था उसको उसका पुराना वैभव वापस दिया जाना चाहिए। वर्तमान में सभी परिस्थितियां सिरोंज को जिला बनाने के अनुरूप है। देश का सेंटर पॉइंट भी सिरोंज में स्थित है इसके अलावा सभी विभागों के कार्यालय बनाने के लिए पर्याप्त जगह है।

सिरोंज को उसका पुराना वैभव वापस करते हुए सिरोंज को जिला बनाने का कार्य किया जाए। इसका फायदा सभी को होगा व्यापार भी बढ़ेगा, आम आदमी को फायदा मिलेगा। नितिन सोनी, शंभू दयाल, मनोज गोयल सहित बड़ी संख्या बर्तन व्यापार संघ के लोग मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर** निर्माण कार्य की रूपरेखा, मार्गदर्शन व आर्शीवाद प्राप्त करने समिति के सदस्यो ने मुनि सुधा सागर महाराज को भेंट किया श्रीफल

# छत्रीनाका चौराहा पर होगा भव्य जैन मंदिर का निर्माण

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**





शहर के बीचो बीच स्थित छत्री नाका चौराहा पर एक विशाल जैन मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से चल रही है। वैसे तो सिरोंज में जैन समाज के 5 मंदिर और एक तीर्थ क्षेत्र अतिशय नसिया जी स्थित है। लेकिन अब सिरोंज में एक जैन मंदिर का ओर इजाफा होने जा रहा है। तो वही उक्त मंदिर का निर्माण कार्य भी तेज गति चल रहा है। उक्त मंदिर का निर्माण कार्य मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज के मार्गदर्शन व निर्देशन में चल रहा है। अभी हाल ही में छत्री जैन मंदिर की कमेटी ने मुनि श्री सुधा सागर महाराज को श्रीफल भेंट कर निर्माण कार्यो की जानकारी दी। साथ ही कई विषयो को लेकर कमेटी के सदस्यों ने मुनि का मार्गदर्शन और आर्शीवाद प्राप्त किया।

### डुबलेक्स मंदिर का हो रहा निर्माण

नगर के छत्री नाका चौराहा पर डुबलेक्स जैन मंदिर का निर्माण कार्य मुनि श्री 1008 सुव्रतनाथस भगवान के नाम गतिशील है। जो कि 60 वाई 100 वर्गफिट की जगह में से 40 वाई 60 वर्गफिट में मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें मूलनायक भगवान श्री मुनि सुव्रतनाथ, भगवान शांतिनाथ, भगवान कुंथू नाथ,भगवान अरह नाथ, भगवान आदिनाथ,भगवान भरत,भगवान बहुबलि विराजमान होगें। इस मंदिर का मंदिर कार्य बडें ही आकर्षक तरीके से हो रहा है। तो वही मंदिर के निर्माण कार्य पर नजर रखने मंदिर परिसर के चारो तरफ कैमरे लगाए गए है। जिससे की मंदिर निर्माण में चल रहें निर्माण कार्यो पर निगरानी की जाती है। छत्री नाका चौराहा पर लगभग 75 से 100 जैन परिवार निवास करते है।

## मुनि श्री को भेंट किया श्रीफल

छत्री जैन मंदिर के पदाधिकारियो ने मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज को श्रीफल भेंट कर मंदिर कार्या की जानकारी दी। साथ ही उन्नति और आगामी योजना के बारे में मुनि श्री को अवगत कराया। वही मुनि श्री का मार्गदर्शन लेकर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अतुल जैन भूपत, अनुराग तारण सहपरिवार,सौरभ जैन गुलाबगंज,विजय जैन भौरिया,कपिल जैन प्याराखेडी,विनोद जैन दालमील,संजू विजय राज,दीपक जैन सुपाठी,दिनेश जैन,गौरव जैन नगर आदि मौजूद रहे।




## ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस

# दबाव को संभालना और उसे प्रेरणा में बदलना सीख लिया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में अपने स्वर्ण पदक को डिफेंड करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने दावा किया है कि वह पेरिस ओलंपिक में देश की उम्मीदों को टूटने नहीं देंगे। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो 2020 में पुरुषों के जैवलिन थ्रो इवेंट में 87.58 मीटर थ्रो कर जीत पक्की करते हुए ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचा था। चोपड़ा को पेरिस 2024 में मेडल जीतने के लिए पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक माना जा रहा है। चोपड़ा इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ जैवलिन थ्रो खिलाड़ियों में से एक हैं। वे मौजूदा ओलंपिक (टोक्यो 2020) और विश्व चैंपियन (बुडापेस्ट 2023) हैं। उन्होंने यूजीन में 2022 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। 26 वर्षीय चोपड़ा ने दो बार एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक (2018 जकार्ता, 2022 हांगझोऊ) जीता है और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों (गोल्ड कोस्ट) में भी स्वर्ण पदक जीता है।

नीरज टोक्यो 2020 में पुरुषों के जैवलिन थ्रो इवेंट में 87.58 मीटर थ्रो ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने। नीरज ने कहा, दबाव तो है, क्योंकि पूरे देश की उम्मीदें मुझ पर टिकी हैं। भारतीय एथलीटों की मानसिकता बदल रही है। पहले हम सोचते थे कि विदेशी एथलीट मजबूत हैं और उनके साथ प्रतिस्पर्धा करना कठिन है, पदक जीतना या ओलंपिक स्वर्ण जीतना कठिन है। लेकिन जब गोल्ड जीता तो मुझे एहसास हुआ कि यह सिर्फ एक मानसिक बाधा है। चोपड़ा ने कहा कि सबसे पहले, मुझे लगता है आपको अपने प्रशिक्षण पर 100 प्रतिशत ध्यान देना चाहिए। सबसे बड़ी बात अपने खेल के प्रति सम्मान होना चाहिए। दूसरा, आपकी डाइट और रिकवरी। तीसरा, आप कितनी अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रहे हैं और क्या एक खास प्लान के साथ चीजें कर रहे

## सिडनी टेस्ट के लिए भारत की पॉसिबल

# स्पिनर्स के साथ ही उतर सकती है टीम शुभमन गिल की वापसी हुई मुश्किल

**सिडनी, एजेंसी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी मैच कल से सिडनी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच सुबह 5 बजे से शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया 5 मैच की टेस्ट सीरीज 2-1 से आगे है। पहला मैच भारत ने और दूसरा-चौथा मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। वहीं तीसरा मैच ड्रॉ रहा था। यह मैच भारत के लिए काफी अहम है। उसे यह ट्रॉफी अपने पास ही रखनी है और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की रेस में बने रहना है तो सिडनी टेस्ट जीतना ही होगा। भारत प्लेइंग-11 में एक बदलाव के साथ उतरेगा। तेज गेंदबाज आकाश दीप चोट की वजह से पांचवें मैच से बाहर हो गए हैं। सिडनी की पिच ऑस्ट्रेलिया की बाकी पिचों से अलग है। यहां पेस के मुकाबले स्पिन को ज्यादा मदद मिलती है। ऐसे में भारतीय टीम इस मैच में भी दो स्पिनर्स को खिला सकती है। वहीं, शुभमन गिल की वापसी मुश्किल लग रही है। दूसरी और ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल मार्श को ड्रॉप कर दिया है। उनकी जगह ब्यू वेबस्टर को टेस्ट डेब्यू का मौका दिया गया है। लगातार दूसरा मैच मिस करते हैं गिल इस मैच में टीम इंडिया के बैटिंग ऑर्डर में बदलाव की संभावना कम ही है। कप्तान रोहित शर्मा चौथे मैच में यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करेंगे। केएल राहुल नंबर-3, नंबर-4 पर विराट कोहली, नंबर-5 पर ऋषभ पंत होंगे। शुभमन गिल यह मैच भी मिस कर सकते हैं। पिच को देखते हुए उनकी जगह स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ही खेलेंगे। जडेजा, सुंदर और नीतीश होंगे ऑलराउंडर भारत ने पिछले मैच में तीन ऑलराउंडर खिलाए थे। इसमें दो स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर थे। नीतीश रेड्डी बतौर पेस ऑलराउंडर खेले थे। टीम सिडनी की पिच के मिजाज को देखते हुए इस मैच में भी इसी कॉबिनेशन के साथ उतर सकती है। यहां पेस के मुकाबले स्पिन को ज्यादा मदद मिलती है। ऐसे में दो स्पिनर्स जडेजा और सुंदर का खेलना संभव है।




बॉलिंग अटैक में हो सकता है बदलाव गेंदबाजी में बदलाव संभव है। तेज गेंदबाज आकाश दीप चोट की वजह से पांचवें मैच से बाहर हो गए हैं। रोहित आकाश दीप की गैरमौजूदगी में प्रसिद्ध कृष्णा को प्लेइंग-11 में शामिल कर सकते हैं। उप कप्तान जसप्रीत बुमराह शानदार फॉर्म में हैं। हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से सपोर्ट नहीं मिल रहा है। मोहम्मद सिराज पिछले मैच में ज्यादा असरदार साबित नहीं हुए थे। उन्होंने पहली पारी में 23 ओवर में 122 रन दिए थे और कोई विकेट भी नहीं लिया था। वहीं, दूसरी पारी में 3 विकेट झटके थे। ऑस्ट्रेलिया में एक बदलाव पांचवें मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम एक बदलाव के साथ उतरेगी। टीम ने इस मैच में ऑलराउंडर मिचेल मार्श को ड्रॉप कर दिया है। उनकी जगह ब्यू वेबस्टर को टेस्ट डेब्यू का मौका दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग-11ः पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

## टेनिस - स्विट्जरलैंड के खिलाड़ी को दी मात

# सुमित ने छठा एटीपी चैलेंजर खिताब जीता

**हीलब्रॉन(जर्मनी). एजेंसी**

शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने नेकारकप एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब जीता। 26 वर्षीय भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने 2 घंटे 22 मिनट तक चले मुकाबले खिताबी मुकाबले में 184वें नंबर के स्विटजरलैंड के खिलाड़ी अलेक्जेंडर रित्सचर्ड को तीन सेटो में 6-1, 6-7, 6-3 से हराया। सुमित नागल के करियर की यह छठी एटीपी चैलेंजर जीत है और इस साल घरेलू सरजमी पर चेन्नई ओपन का खिताब जीतने के बाद दूसरी जीत है।




# टेनिसः स्लोवाकिया ने अमरीका को हराया

**मालागा (स्पेन) . एजेंसी**

एशलिन क्रूगर और टेलर टाउनसेंड निर्णायक युगल मैच हार गईं और स्लोवाकिया ने इस जीत के साथ बिली जीन किंग्स कप टेनिस फाइनल्स में अमरीका को मात दी। क्रूगर और टेलर को टेरेजा मिहालिकोवा और विक्टोरिया एच ने 6-3, 3-6, 10-8 से हराया। इससे पहले टाउनसेंड ने एकल में रेनाटा जैमरिचोवा को 7-5, 6-4 से हराया, लेकिन रेबेका स्रेमकोवा ने डेनियेले कोलिंगस को 6-2, 7-5 से हराकर स्कोर बराबर कर दिया था।




# टी-20: विंडीज हारा, इंग्लैंड ने किया सीरीज पर कब्जा

**ग्रोस आइलेट.** तेज गेंदबाज साकिब महमूद (17 पर 3 विकेट) के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली। 146 रन का लक्ष्य इंग्लैंड ने चार गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। सैम करेन (41) ने विल जैक्स (32) के साथ 38 और लियाम लिविंगस्टोन (39) के साथ 39 रन की साझेदारी की। पावेल का अर्धशतकः विंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रोवमेन पावेल (54) के अर्धशतक से 20 ओवर में 8 विकेट पर 145 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में 7 विकेट पर 149 रन बना जीत हासिल कर ली।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# परेशान होकर अपना फोन फेक देना चाहते थे अमिताभ, बोले- मोबाइल की बदल गई सेटिंग

निर्देशक नाग अश्विन की आगामी फिल्म कल्कि 2898 एडी के ट्रेलर को देखने के बाद प्रशंसकों की उत्सुकता इस फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गई है। फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म के ट्रेलर की रिलीज के बाद ना जाने ऐसा क्या हुआ कि अमिताभ अपना फोन खिड़की से बाहर फेंक देना चाहते थे। 27 जून को रिलीज होने वाली निर्देशक नाग अश्विन की बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी की रिलीज को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। 10 जून को फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसके बाद से ही प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर और अधिक उत्साह बढ़ गया है। इस फिल्म में प्रभास और दीपिका पादुकोण के अलावा अमिताभ बच्चन ने भी अहम भूमिका निभाई है। इस फिल्म में अमिताभ ने अश्वत्थामा का किरदार निभाया है। अमिताभ के इस नए रूप को देखकर उनके फैंस बेहद खुश है और उत्साहित है कि 81 साल की उम्र में भी वह आज के कलाकारों को टक्कर दे रहे हैं। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि कल्कि 2898 एडी के ट्रेलर रिलीज के बाद अमिताभ अपना फोन फेंक देना चाहते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमिताभ बच्चन ने अपने एक ब्लॉग पर पोस्ट किया कि वह अपने फोन से बहुत अधिक परेशान और निराश हो चुके हैं। कल्कि 2898 एडी के ट्रेलर रिलीज के बाद उन्होंने लिखा, मैं अपने फोन को ठीक करने की पूरी कोशिश कर रहा हूं और जो पहले



सेटिंग थी, वह अचानक बदल गई, इसलिए हर तरफ से मदद लेने की कोशिश की और असफल रहा। बहुत निराशाजनक, मैं अंग्रेजी और हिंदी टाइपिंग करना चाहता था, अंग्रेजी में टाइप करके, हिंदी शब्द और यह देवनागरी में आता है, लेकिन कई घंटों तक प्रयास करने के बाद अब मैं अपने फोन को खिड़की से बाहर फेंककर तोड़ने के बहुत करीब हूं बाद में अमिताभ ने यह भी लिखा, नहीं नहीं नहीं... ऐसी किस्मत नहीं... बस गुस्सा निकाल रहा हूं। बिग बी ने आगे लिखा, पहले अभिनेताओं के पास अच्छी स्क्रिप्ट के बारे में मार्गदर्शन करने वाला कोई नहीं होता था, लेकिन अब आज की पीढ़ी के पास इतने सारे एजेंट और सलाहकार होता हैं, जो उन्हें अपना अगला प्रोजेक्ट चुनने में मदद करते हैं। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्म कल्कि 2898 एडी में उनका अश्वत्थामा अवतार फैंस को बेहद पसंद आया। फिल्म के इस पोस्टर में अमिताभ बच्चन अपने हाथ में अस्त्र थामे और माथे पर एक चमकदार दिव्य मणि पहने हुए दिलचस्प अवतार में नजर आए। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन भी एक्शन करते नजर आए। पैन इंडिया स्टार प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी के ट्रेलर ने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है।

# ऋतिक ने लॉन्च किया विनोद की फिल्म 'पुश्तैनी' का ट्रेलर

विनोद रावत के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'पुश्तैनी' इसी महीने रिलीज होने को तैयार है। इसमें राजकुमार राव भी कैमियो भूमिका में नजर आएंगे। अभिनेता ऋतिक रोशन ने अपने एक्टिंग कोच विनोद रावत की आगामी फिल्म पुश्तैनी का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। विनोद रावत इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं और यह उनके निर्देशन में बनने वाली पहली फिल्म है। फिल्म का ट्रेलर जारी करते हुए ऋतिक ने एक लंबा नोट लिखा है, जिसमें विनोद रावत की तारीफ की है। यह फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। ट्रेलर में विनोद रावत भुप्पी की भूमिका में नजर आए हैं। वह एक संघर्षशील युवक के किरदार में हैं, जो स्टारडम के आखिरी अवसर का लाभ उठाने के लिए बेसब्र है, लेकिन अचानक एक घोटाले में फंसने के बाद उसके लिए चीजें बदल जाती हैं। मजबूर होकर उसे घर लौटना पड़ता है, जहां उसका सामना अपने अतीत से होता है। वह पहाड़ों की यात्रा करता है। ट्रेलर में राजकुमार राव की झलक भी नजर आई है। ऋतिक रोशन द्वारा प्रस्तुत और विनोद रावत के निर्देशन में बनी पहली फिल्म पुश्तैनी का निर्माण लोटस डस्ट पिक्चर्स और विन रॉ फिल्म्स ने किया है।



# खुशखबरी... सलमान खान की पहली पेंटिंग 'यूनिटी1' बिकने को है तैयार

बॉलीवुड के कई स्टार्स अभिनय के अलावा कई और चीजों में भी महारत रखते हैं। कुछ एक्टर होने के साथ-साथ अच्छे गायक होते हैं तो कुछ अच्छे डांसर। ऐसे ही फिल्म इंडस्ट्री में भाई जान के नाम से मशहूर सलमान खान अभिनय के अलावा पेंटिंग भी करते हैं। अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल से वे अपने इस शौक के बारे में अपने फैंस को बताते भी रहते हैं। वहीं अब भाई जान के दीवानों के लिए एक बड़ी खबर आई है। सलमान खान के द्वारा बनाई गई पेंटिंग बिकने को तैयार है। चलिए आपको बताते हैं आप भी कहां से इस पेंटिंग को खरीद सकते हैं। सलमान खान जब भी कोई काम करते हैं वे पूरी सिद्दत से उसमें डूब जाते हैं। फिल्मों के अलावा वे बचे हुए समय में पेंटिंग करते हैं। सलमान खान की पेंटिंग्स भी उनके अभिनय सरीखी ही सुंदर होती हैं। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से बताया है कि उनकी पहली पेंटिंग जिसका नाम यूनिटी 1 है वह बिकने को तैयार है। खुद अभिनेता ने इस बात की जानकारी को अपने फैंस के संग साझा किया है। सलमान ने एक वीडियो साझा करते हुए बताया कि, मेरी पहली पेंटिंग जिसका नाम यूनिटी 1 है उसे अगले सात दिनों तक आप खरीद सकते हैं। यह पेंटिंग अर्टिफाई ग्लोबल पर मौजूद है। आप इसे वहां से खरीद सकते हैं। सलमान का यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। उनके फैंस इस सेल के बारे में अधिक से अधिक जानकारी लेने को बेताब नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, मैं भाई जान के पेंटिंग का बहुत बड़ा फैन हूं और मैं उनके पेंटिंग्स के सेल का हिस्सा जरूर बनूंगा। वहीं सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करे तो भाई जान आने वाले दिनों में फिल्म सिकंदर में नजर आने वाले हैं। दर्शकों में अभी से ही इस फिल्म को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सूत्रों की मानें तो सलमान खान इस फिल्म में एक अवतार में नजर आने वाले हैं, जिसके लिए वे बहुत मेहनत भी कर रहे हैं।






**मेट्रो बाजार**

# इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री टैलेंट शॉर्टेज से जूझ रही, ट्रेंड पेशेवरों की किल्लत

**नईदिल्ली. एजेंसी**

देश का जॉब आउटलुक पॉजिटिव है। टीमलीज सर्विसेज की रोजगार परिदृश्य रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में 59त्र नियोक्ताओं ने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई है। वहीं 22 फीसदी नियोक्ता अपने मौजूदा कार्यबल को बनाए रखेंगे। अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 के बीच लॉजिस्टिक, ई-कॉमर्स और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की अगुवाई में हायरिंग 7.1 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही भारत इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में ग्लोबल लीडर बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। वहीं, टीमलीज डिग्री अप्रेंटिसशिप की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री काफी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इंडस्ट्री 1 करोड़ से भी अधिक ट्रेंड प्रोफेशनल्स की किल्लत से जूझ रही है और यह टैलेंट शॉर्टेज बढ़ता ही जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री सालाना 25 से 30 फीसदी चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएडीआर) के साथ वर्ष 2028 तक 1.2 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा करेगी। इनमें 30 लाख प्रत्यक्ष और 90 लाख अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी। टीमलीज डिग्री अप्रेंटिसशिप के सीईओ एआर रमेश ने कहा, इस अंतर को पाटने के लिए देश में बड़े पैमाने पर कौशल विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है।



इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, हेल्थकेयर इंडस्ट्री जितनी तेजी से बढ़ रही है, उसमे अगर एआइ को बढ़ावा मिले तो यह और तेजी से ग्रोथ कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस सेक्टर में एआइ और तकनीक से जुड़े लोगों की मांग काफी बढ़ने वाली है। आने वाले समय में इसमें 25 लाख से अधिक रोजगार पैदा होने की संभावना है। एआइ लागू करने के लिए सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा वैज्ञानिक, मेडिकल रिसर्चर और हेल्थ इंफॉर्मेशन विशेषज्ञों की मांग में इजाफा होगा। साथ ही, एआइ संचालित उपकरणों की बढ़ती आवश्यकता से मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट, बायोमेडिकल इंजीनियर्स व तकनीकी विशेषज्ञों के लिए भी नए अवसर बनेंगे।

# इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन बढ़ाने के लिए भारत देगा 4-5 अरब डॉलर का प्रोत्साहन पैकेज!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत सरकार देश में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के पुर्जो के स्थानीय निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 4 से 5 अरब डॉलर तक का प्रोत्साहन (पीएलआइ) देने की योजना बना रही है। इसका उद्देश्य मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को मजबूत करना और चीन से आयात पर निर्भरता को कम करना है। पिछले 6 साल में भारत का इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन दोगुने से ज्यादा बढ़कर 2024 में 115 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसम एपल और सैमसंग जैसी वैश्विक कंपनियों की मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में बढ़ोतरी का




बड़ा योगदान है। भारत अब दुनिया का चौथा सबसे बड़ा स्मार्टफोन सप्लायर बन गया है। हालांकि, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के लिए भारत अभी भी पुर्जो के लिए चीन-हांगकांग और ताइवान जैसे देशों पर पूरी तरह निर्भर है। सूत्रों के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय की ओर से तैयार की गई योजना के तहत उन पुर्जो की पहचान कर ली गई है, जिन्हें प्रोत्साहन मिलेगा। एक अधिकारी ने बताया कि नई योजना से प्रिंटेड सर्किट बोर्ड जैसे मुख्य पुर्जो के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे घरेलू वैल्यू एडिशन बढ़ेगा और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए स्थानीय सप्लाई चेन मजबूत होगी। अधिकारी ने

# 700 वाहन चैक किए, बनाए तीन सौ चालान



**भोपाल।** नव वर्ष के आगमन पर राजधानी पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 165 फिक्स पिकेट, 72 पेट्रोलिंग वाहन चेकिंग और 6 स्टेटिक पाईटों पर कुल 100 चेकिंग पाइंटों पर लगभग 1500 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए थे। इनमें 40 पुलिस कर्मचारी बॉडी वार्न कैमरों के साथ ड्यूटी पर तैनात रहे। नव वर्ष की रात्रि में राजधानी पुलिस ने की कार्रवाई चेकिंग के दौरान लगभग 700 दो-चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, 75 वाहन चालकों द्वारा शराब का सेवन कर गाड़ी चलाने के कारण चालान बनाए गए और 216 मोटर वीकल एक्ट के अंतर्गत चालान बनाए गए। 21 चाकूबाजों-गुंडे बदमाशों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया। इस दौरान 123 निगरानों बदमाशों को चेक किया गया।

# कार से दस पेटी अवैध शराब जब्त की गई



**भोपाल।** अयोध्या नगर पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दस पेटी अवैधी शराब जब्त की है। जब्त वाहन, अंग्रेजी और देशी शराब की कीमत करीब छह लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है।

उससे शराब के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि मिनाल के पास सफेद रंग की कार में अवैध शराब रखी हुई है, जिसे दो तस्कर बेचने की फिराक में है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस मिनाल गेट नंबर-1 के पास पहुंची। वहां सफेद रंग की स्वीफ्ट डिजायर खड़ी नजर आई।

पुलिस ने घेराबंदी की तो वहां से कार में बैठे एक युवक को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए युवक ने अपना नाम राजेश उर्फ बाबू गुर्जर पिता प्रताप सिंह गुर्जर (26) गांव, सनखेड़ा, अहमदपुर, जिला सीहोर बताया।

कार की तलाशी लेने पर कार में रखी देशी मदिरा की 4 पेटी शराब और ओल्ड मंग कंपनी की 24 बोटल शीलबंद शराब जब्त की गई। बरामद स्वीफ्ट डिजायर कार समेत शराब की कीमत 6 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी के साथ मौजूद उसके दोस्त की तलाश कर रही है।

### पांच नकबजनों से पांच वारदातों का खुलासा, 16 लाख का माल बरामद

# कलारी पर हुई दोस्ती, फिर कर्ज चुकाने के लिए गिरोह बनाकर करने लगे नकबजनी

**सूने मकानों की पहचान घर के सामने पड़े अखबारों से करते थे आरोपी, बड़ा माल हाथ लगने पर रैकी करने वाले को मिलता था अतिरिक्त माल**





**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या नगर पुलिस ने पांच नकबजनों को गिरफ्तार कर उनसे पांच नकबजनी की वारदातों का खुलासा किया है। नकबजनी के पास से सोने-चांदी के जेवरात समेत 16 लाख रुपए का माल जब्त किया है। गिरोह की शुरुआत रत्नागिरी स्थित कलारी पर हुई थी। दरअसल, गिरोह के सरगना से शराब पीते समय आरोपी की पहचान हो गई। उसने पैसे कमाने का तरीका पूछा। यहीं से गिरोह बना और नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने लगा था।

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे के अनुसार इलाके में हो रही नकबजनी की वारदात के बाद पुलिस ने नकबजनों की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया था। इस दौरान तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए। साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने पुलिस ने शिवनारायण प्रजापति उर्फ चमन (32) बड़ा बाजार, सिटी कोतवाली विदिशा हाल पता, लेवर कालोनी पिपलानी को हिरासत में लिया। आरोपी नशे का आदी था और नशे के दौरान कलारी के आसपास से वाहन चुरा लिया करता था।

## सरगना देता था टारगेट

शिवनारायण और जितेंद्र राजपूत ने रजत कुंडे, जसवंत सेन और नीरज मालवीय को अपने गिरोह में शामिल कर लिया। सरगना ने उन्हें टारगेट दिया। टारगेट में आरोपी को सूने मकान की रैकी करनी होती थी। गिरोह के सदस्य ऐसे मकान देखते थे, जहां पर अखबार का ढेर पड़ा होता था। इससे अनुमान लगा लेते थे कि घर में रहने वाला परिवार लंबी छुट्टी पर बाहर गया हुआ है। रात में आरोपी उक्त मकान में नकबजनी की वारदात करते थे। वारदात में जो माल मिलता था उसे आपस में बांट लेते थे। रैकी करने वाले को ज्यादा माल दिया जाता था।

## दोनों मिलकर बनाया गिरोह

हिरासत में लिए गए शिवनारायण उर्फ चमन ने पुलिस को बताया कि कलारी पर शराब पीते समय उसकी मुलाकात जितेन्द्र राजपूत उर्फ जीतू पिता (33) वृंदावन वार्ड, अहमद नगर थाना गोपालगंज जिला सागर से हुई थी। आरोपी यहां एलआईजी 8 गौरीशंकर आवासीय परिसर कटारा हिल्स में किराए के मकान में रहता था।

## सरगना ने हड़पा माल

पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में पता चला कि सरगना शिवनारायण की बात सभी मानते थे। वह शातिर था और सोने के कुछ जेवरात को नकली बताकर अपने पास रख लिया करता था। वह कहता था कि नकली जेवरात का क्या करोगे पुलिस ने आरोपी के पास सबसे ज्यादा जेवरात जब्त किए है।

उसकी गांव में जमीन थी और जमीन पर उसने साहूकार से 6 लाख रुपए लिखापढ़ी करने के बाद ब्याज पर ले लिए। ब्याज की रकम बढ़कर साढ़े 13 लाख रुपए हो गई थी।

ब्याज चुकाकर अपनी जमीन छुड़ाने के इरादे से वह भोपाल आकर गौरीशंकर आवासीय परिसर में रहने लगा था। रत्नागिरी कलारी पर उसकी दोस्ती शिवनारायण से हो गई। उसने शिवनारायण को साढ़े तेरह लाख का कर्ज होने का कहकर पैसे कमाने का तरीका पूछा था। यहीं से गिरोह की शुरुआत हो गई।

# गांजा तस्करों से 11 किलो गांजा जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 11.05 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी सस्ते में गांजा खरीदकर लाते थे और भोपाल में उसे फुटकर में बेचते थे। उनसे जब्त गांजे के बारे में पूछताछ की जा रही है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि अग्रवाल होटल के पास टीआरटी गोविंदपुरा में दो संदिग्ध युवक टाटा पंच कार में बैठे हैं। उनके पास कार में गांजा है और उसे बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं।

सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए अग्रवाल होटल के पास टीआरटी गोविंदपुरा से हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम प्रकाश महलदार पिता विकाश महलदार (32) मलकानगिरी, थाना वालीमेला, उड़ीसा, संजय विश्वाश पिता माखन विश्वाश (48) मलकानगिरी, थाना वालीमेला, उड़ीसा बताया। कार चेक करने पर पीछे की सीट पर और ड्रायवर सीट के बगल वाली सीट के पैर के पास बैग रखे मिले। बैग की तलाशी लेने पर ब्राउन रंग के टेप से लिपटे कुल 9 पैकेट मिले। उक्त सभी पैकेट में गांजा था। ड्रायवर सीट के बगल में पैरो के पास रखे काले रंग का बैग चेक किया तो उसमें 8 पैकेट मिले। सभी पैकेट में कुल 11.05 गांजा बरामद किया गया।



प्रकाश महाल्दार पिता विकास महाल्दार उम्र 32 वर्ष निवासी डोंगरीवली उड़ीसा



जय विश्वास पिता माखन विश्वास उम्र 48 साल

# बेटे से मिलने पहुंचे इंजीनियर पिता की बाइक फिसली, मौत



**सेज परिसर में हुआ हादसा, साथी मजदूर घायल**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सेज यूनिवर्सिटी परिसर में बुधवार शाम बाइक फिसलने से घायल हुए इंजीनियर की अस्पताल में मौत हो गई। उनके साथ बाइक पर बैठा मजदूर घायल हुआ है। हादसे के समय वह यूनिवर्सिटी परिसर में रहने वाले अपने बेटे से मिलने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए हमीदिया भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बलराम सिंह ठाकुर पिता गुलजार सिंह ठाकुर (51) एनआरआई कॉलेज परिसर में रहते थे। मूलतः महाराष्ट्र निवासी बलराम ठाकुर एनआरआई कॉलेज में सिविल कांट्रेक्टर का काम करते थे। उनका बेटा हिमांशु ठाकुर सेज यूनिवर्सिटी परिसर में रहता है और बीबीए फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहा है। बलराम बुधवार शाम अपने साथी मजदूर रामकुमार धुर्वे को लेकर सेज यूनिवर्सिटी जा रहे थे। उन्हें बेटे हिमांशु से मिलना था। बाइक बलराम चला रहे थे। सेज यूनिवर्सिटी गेट से अंदर घुसने के बाद कुछ दूरी पर ही पहुंचे थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक गिरने से बलराम को सिर में गंभीर चोट आई, जबकि रामकुमार धुर्वे को मामूली चोट थी। दोनों को निजी अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद बलराम को मृत घोषित कर दिया।

## महाराष्ट्र से परिजन के पहुंचने पर होगा पीएम

घटना की जानकारी हिमांशु ने महाराष्ट्र में रहने वाले परिजन को दे दी है। वे महाराष्ट्र से भोपाल के लिए निकल गए है। गुरवार सुबह वह भोपाल पहुंचेंगे। इसके बाद शव का पीएम कराया जाएगा।

# बाइक नहीं देने पर ड्राइवर पर चाकू से हमला

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात बदमाशों ने एक ड्राइवर को रोक लिया। आरोपी उससे बाइक मांग रहे थे। ड्राइवर ने बाइक देने से मना किया तो आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू पैर में लगने से ड्राइवर को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने दो नामजद समेत तीन आरोपियों पर चाकूबाजी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 23 साल का विशाल राउत, मद्रासी कॉलोनी में रहता है और ड्राइवरी करता है। बुधवार देर रात वह अपने परिचित के घर न्यू ईयर की बधाई देने पहुंचा था। वहां से रात करीब दो बजे लौट रहा था। पंचशील नगर में उसे जयस उर्फ छोटा और बबलू उर्फ अभिषेक समेत उनके साथी ने रोक लिया। आरोपी कहने लगे कि तेरी बाइक हमें दे दे घूमने जाना है। विशाल ने उन्हें बाइक देने से मना किया तो वह भड़क गए और मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमला गले पर किया गया था। किसी तरह हमले से विशाल बचा और चाकू उसके पैर में लगा है।

**मेट्रो एंकर** सौहलियत के लिए चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन, सुरक्षा के नहीं कोई इंतजाम

# तीन अलग स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों के पर्स, ट्रॉली बैग चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

यात्रियों की सौहलियत के लिए रेलवे अलग अलग स्पेशल ट्रेन चला रहा है, लेकिन इन ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं है। हैदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस और पटना के लिए चलाई जा रही पटना स्पेशल एक्सप्रेस में सफर कर रहे तीन यात्रियों के पर्स और पिट्ठू बैग समेत ट्रॉली बैग चोरी हो गए। सभी चोरी की शिकायत जीआरपी भोपाल में दर्ज की गई है।

जीआरपी के अनुसार रीता प्रसाद ने मौखिक रिपोर्ट मे बताया कि वह लखनऊ से सिकन्द्राबाद की यात्रा ट्रेन 02576 हैदराबाद स्पेशल एक्स के कोच ए/2 बर्थ 44 पर कर रही थी। वे खाना खाकर सो गई। नींद खुली तो मेरा एक लेडीज पर्स काले रंग का जिसके अंदर एक चसमा, घर की चाबी, नगदी 4 हजार का सामान था। उनकी नींद का फाइदा उठाकर कोई अज्ञात बदमाश पर्स चुराकर ले गया। जब उनकी नींद खुली तो ट्रेन भोपाल रेलवे स्टेशन से चलने लगी थी।



## पटना स्पेशल ट्रेन में यात्री का ट्रॉली बैग चोरी

सरगुजा निवासी निकेश ने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि वह अहमदाबाद से कटनी की यात्रा पटना स्पेशल एक्सप्रेस के एस/4 बर्थ नंबर 73,76 पर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना ट्रॉली बैग सीट के नीचे रख दिया। जब मेरी नींद खुली उसे समय ट्रेन संत हिरदाराम नगर से निकल रही थी। उन्होंने सीट के नीचे देखा तो उनके तीन ट्रॉली बैग और एक बिट्ठू बैग नहीं था। तीनों बैग कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया था।

बड़े ट्रॉली बैग के अंदर 4 हजार रुपए की नगदी, एटीएम कार्ड साड़ियां सूट दो साल परिवार का फोटो इस्तेमाल ही कपड़े थे। दूसरे ट्रॉली बैग के अंदर बच्चों का सामान घर की चावी बच्चों के इस्तेमाल कपड़े, आर्मी कलर का बैग लेडीज एव जेन्स स्वेटर 6 नग, पिट्ठू बैग के अंदर जेंट्स के नए एव स्तेमाली कपड़े कुल बीस हजार रुपए का सामान था।

इसी ट्रेन में बदमाश ने सहरसा, बिहार निवासी गजेंद्र प्रसाद तिवारी का ट्रॉली बैग चुरा लिया। वे छायापुरी से पटना की यात्रा पटना स्पेशल एक्सप्रेस की कोच'/2 के बर्थ नंबर 52 पर कर रहे?थे। यात्रा के दौरान में अपना ट्रॉली बैग सीट के नीचे रखा और सीट पर सो गए थे। संत हिरदाराम नगर से निकल रही थी तो उनकी नींद खुली। इस दौरान सीट के नीचे देखने पर पता चला कि उनका ट्रॉली बैग चोरी हो चुका है। बैग के अंदर बुक दो जैकेट, तीन साड़ियां समेत अन्य सामान था। बदमाश करीब पांच हजार रुपए का सामान और बैग चुराकर ले गया है।

# एक्सीडेंट की शिकायत करने पहुंचे मीडियाकर्मियों से थाने में मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया थाने में एक्सीडेंट की शिकायत करने पहुंचे दो मीडियाकर्मियों के साथ थाने में मारपीट का मामला सामने आया है। मीडियाकर्मियों का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उनकी कार को टक्कर मारने वाले आरोपी से पैसा लेकर छोड़ दिया। विरोध करने पर पुलिसकर्मी उन्हें साइबर डेस्क के रूम में लेकर पहुंचे। वहां उनके साथ मारपीट की गई। थाने में शिकायत नहीं होने पर मीडियाकर्मियों ने सीएम हेल्प लाइन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार पेबल-वे कॉलोनी बागमुगालिया निवासी अमित पाठे मीडियाकर्मी हैं। मंगलवार रात वह अपनी कार को दानिश चौराहे के पास खड़ी कर दुकान में कुछ सामान ले रहे थे। अमित के साथ उनके दोस्त रामकृष्ण गौतम भी थे। रात करीब साढ़े 12 बजे नशे की हालत में आए कार चालक ने उनकी कार पर टक्कर मार दी। उन्होंने कार चालक को पकड़ लिया। इसके बाद अमित बागसेवनिया थाने पहुंचे। उनकी कार से दो पुलिसकर्मी घटनास्थल पर आए। दोनों पुलिसकर्मी आरोपी की कार में सवार उसे थाने लेकर पहुंचे। अमित ने दावा किया इस बीच टक्कर मारने वाले कार चालक ने किसी पुलिस अधिकारी से पुलिसकर्मियों से बात कराई। इस पर पुलिसकर्मी आरोपी को थाने से चलता कर दिया। इसका अमित ने विरोध किया। तभी दो पुलिसकर्मी उन्हें थाने के अंदर लेकर गए। उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। थोड़ी देर बाद रामकृष्ण को भी पुलिसकर्मी अंदर ले गए। उनके साथ भी मारपीट की गई। रामकृष्ण के चेहरे में मारपीट से चोट लगी है।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेडी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022